कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 , 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 122 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

25 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

**आज का मौसम**

31 अधिकतम

22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## भार्गव पर ही भाजपा का दांव, रोड़ शो के जरिए संदेश की कोशिश

# बुधनी में हलचल सीएम-शिवराज पहुंचे दिग्विजय ने दी कार्तिकेय को नसीहत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बुधनी विधानसभा सीट पर अंदरूनी 'उतार-चढाव' से गुजर रही भाजपा आज पूरी ताकत झोंक रही है। यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे हैं और वे पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ रोड शो पर निकलने वाले हैं। यह रोड शो भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के लिये किये जा रहा है। दरअसल क्षेत्र में भाजपा के भीतर ही भार्गव का जबर्दस्त विरोध सामने आ चुका है, कल दिनभर के मंथन के बाद भार्गव का टिकट बदलने का विचार भी बदल दिया गया है। आज भार्गव अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं। इसलिए भाजपा ने इस बडा इवेंट बनाकर डैमेज कंट्रोल हो जाने का संदेश देने की कोशिश की है। हालांकि बुधनी में सियासी पारा पहले से ही हाई है और अब शिवराज के बेटे कार्तिकेय चौहान के एक बयान ने हलचल मचा रखी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि बुधनी विधानसभा में अगर कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया तो एक भी ईंट नहीं लगेगी। हम मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री के पास किस मुंह से जाएंगे।

### अपने पिता से ही सीखो: दिग्विजय

कार्तिकेय के इसी बयान पर दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखकर नसीहतनुमा हमला बोला है। सिंह ने कहा कि -'कार्तिकेय अभी से इस प्रकार का भाषण ना दो। अपने पिता शिवराज सिंह चौहान से सीखो।' दिग्विजय ने सरकार और विपक्ष के साथ मिलकर सहयोग की बात कही और लिखा कि - *मैं 10 साल तक मुख्यमंत्री रहा लेकिन इस प्रकार की भाषा का कभी उपयोग नहीं किया। इसके गवाह आपके पिता हैं। पंचायत राज क़ानून में निर्माण काम करने के ज़िम्मेदारी सरपंच की होती है ना की विधायक की और आप तो अभी ना सरपंच हैं ना विधायक। आप मेरे पुत्र नहीं पौत्र समान है। यह मेरी राय है आप मानें ना मानें, आप जानें। जय सिया राम।*

## कांग्रेस की शिकायत रंग लाई, ट्रांसफर आदेश बदला



इधर विजयपुर चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन का कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है। कांग्रेस चुनाव कार्यप्रभारी जेपी धनोपिया ने कल ही आयोग को शिकायत की थी कि सरकार ने आचार संहिता के बावजूद अशोक शर्मा को जनपद पंचायत सीईओ के पद पर कराहल में पदस्थ कर दिया है। अब सरकार ने तबादला नये तबादला आदेश में संजय पाटिल को देवास से जनपद पंचायत कराहल पदस्थ करने के आदेश जारी किया है। वहीं कांग्रेस ने तहसीलदार अनीता तोमर को गुना से श्योपुर पदस्थ करने पर भी आपति् जताई है तथा कहा है कि तोमर पहले भी इसी क्षेत्र में पदस्थ कर चुकी हैं और यह तबादला भाजपा उम्मीदवार रामनिवास रावत को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिये किया गया प्रतीत होता है।

## 54 लाख विद्यार्थियों के खातों में पहुंचे 324 करोड़ रुपए

### राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार समारोह



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज यहां राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया । इसमें 14 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। वहीं राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों सहित पिछले वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 से सम्मानित प्रदेश के चयनित शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक ऐसे शिल्पकार हैं जो आदर्श विद्यार्थी, आदर्श विद्यालय के निर्माण के द्वारा आदर्श समाज और राष्ट्र का स्वरूप बनाते हैं। शिक्षक की महत्ता को इस प्रकार से समझा जा सकता है कि माता-पिता बच्चों को जन्म और संस्कार देते हैं, जबकि शिक्षक उन्हे ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों के साथ शिक्षित, प्रशिक्षित कर आदर्श नागरिक बनाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी गुरू-शिष्य परंपरा और हमारी भारतीय संस्कृति पर हमें गर्व है। अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाली भावना गुरु है।

समारोह में निःशुल्क गणवेश योजना अंतर्गत प्रदेश के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया।

## टैंकर और इनोवा कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत



**मुंबई, एजेंसी।**

आज सुबह खाचरोद के करीब बेडावन्या गांव में एक टैंकर और इनोवा कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार लोग जियारत करने के लिए गए थे। कार को टक्कर मारने वाला टैंकर इंदौर के करीब मांगलिया से आ रहा था। शुक्रवार सुबह हुए इस हादसे के बाद वहां से रास्ते से गुजर रहे लोगों ने कार के अंदर फंसे घायलों को बाहर निकाला। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि बीती रात जब कर्नाटक के राज्यपाल इंदौर से उज्जैन आ रहे थे।

## अब होटलों को उड़ाने की धमकी से तिरूपति में मचा हड़कंप



**हैदराबाद, एजेंसी।**

हवाईजहाजों और स्कूल-कॉलेजों के बाद अब होटलों को बम की धमकी मिली है। तिरुपति के कई होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले हैं। इन ईमेल में कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक के नाम का जिक्र है, जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने गिरफ्तार किया था। धमकियों के जवाब में, पुलिसकर्मियों और खोजी कुत्तों ने होटलों में गहन तलाशी ली, जिससे कुछ नहीं मिला। पुलिस अब इन धमकियों के स्रोत का पता लगाने की कोशिश में है। तिरुपति में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आते हैं इसलिए यहां का होटल बिजनेस काफी अच्छा है।

## बच्चों से भरी स्कूल वैन पर फायरिंग से सनसनी



**अमरोहा, एजेंसी।**

उप्र के अमरोहा में बाइक सवार बदमाशों ने एक स्कूल की वैन पर फायरिंग कर दी, इसके चलते पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है और स्कूल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है.वैन चालक ने बताया कि तीन बदमाश बाइक पर सवार होकर आए और अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिससे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और वैन को थाने ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि ये स्कूल एक भाजपा नेता का है। पुलिस स्कूली वैन की जांच में जुटी है और ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और हर पहलू जांच की जा रही है।

## अमेरिका में 3 करोड़ लोगों ने एडवांस वोटिंग की, ट्रंप आगे

**वाशिंगटन , एजेंसी।**





अमेरिका ने अपना नया राष्ट्रपति चुनने के लिए कमर कस ली है। पांच नवंबर को नया राष्ट्रपति मिल जाएगा लेकिन इससे पहले एडवांस वोटिंग हो रही है, जिसे लेकर असमंजस की स्थिति भी पैदा हो गई है क्योंकि दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा इलेक्शन लैब के डेटा के मुताबिक, अमेरिका में अब तक 3 करोड़ लोग एडवांस वोटिंग कर चुके हैं। इनमें से अधिकतर वोटिंग मेल के जरिए हुई। अमेरिका में एडवांस वोटिंग भी आम चुनावों की तरह डाक या फिर व्यक्तिगत तौर पर पोलिंग सेंटर पर जाकर होती है। खबरें है कि कई राज्यों में यह एडवांस वोटिंग हो चुकी है जबकि कई जगह पर यह जारी है। इस बार की एडवांस वोटिंग के शुरुआती सर्वे में रिपबल्किन को बढ़त मिलती नजह आ रही है जबकि इससे पहले तक डेमोकेट्स आगे रहती थी। प्री-पोल वोटिंग में लोग बड़ी संख्या में वोट कर रहे हैं। माना जा रहा है कि 2020 में हुई एडवांस वोटिंग का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। उस समय 10 करोड़ लोगों ने एडवांस वोटिंग की थी। इलेक्शन डेटा एंड साइंस लैब के अनुसार, 2020 में लगभग 60 फीसदी डेमोक्रेट और 32 फीसदी रिपब्लिकन मतदाताओं ने मेल के जरिए वोट दिया था।

## बाबा के बेटे ने पहनी 'घड़ी', मिला टिकट




**मुंबई ।** महाराष्ट्र चुनाव के लिए अजित पवार की पार्टी एनसीपी (राकांपा) ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इसमें सात उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के तहत बांद्रा पूर्व से पार्टी ने बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को अपना उम्मीदवार बनाया है। एनसीपी ने इस्लामपुर से निशिकांत पाटील, अणुशक्ति नगर से सना मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि सना मलिक एनसीपी के दागी नेता नवाब मलिक की बेटी हैं। एनसीपी की इस लिस्ट में सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो पूर्व सांसदों का भी नाम है।

### तूफान दाना की लैंडफाल प्रोसेस खत्म

## 110 किमी की स्पीड से आया दाना और अब 10 किमी पर हुआ बेदम



**कोलकाता/भवनेश्वर, एजेंसी।**

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' बीती रात करीब सवा बारह बजे ओडिशा के तट से टकराया। सुबह करीब साढे बजे इसकी लैंडफॉल प्रोसेस खत्म हुई। दोपहर तक यह तूफान और कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा। यह तूफान ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के भितरकनिका और भद्रक जिले के धामरा के बीच लगभग 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पहुंचा था। आज सुबह 6 बजे इसकी रफ्तार घटकर 10किमी रह गई।

फिलहाल 'दाना' के असर से ओडिशा में लगातार बारिश हो रही है। भद्रक, केंद्रपाड़ा में 30 सेमी से ज्यादा बारिश का अनुमान है। 5.84 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, गाड़ियां भी डैमेज हुईं। स्कूल-कॉलेज बंद रखने के आदेश पहले ही जारी कर दिए गए थे। फिलहाल राहत और बचाव का काम जारी है। तूफान का असर 7 राज्यों में देखने को मिल रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 1.59 लाख लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला। कोलकाता और भुवनेश्वर एयरपोर्ट गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक बंद थे। मौसम में सुधार होने के बाद दोनों एयरपोर्ट से एयर सर्विसेस शुरू कर दी गई हैं। वहीं पुरी के जगन्नाथ मंदिर परिसर में सभी अस्थायी टेंट हटा दिए गए हैं। एस्बेस्टस की छतें उड़ न जाएं, इसलिए रेत की बोरियां रखी गई हैं। वहीं, कोणार्क मंदिर को दो दिनों के लिए बंद है।

## अनमोल विश्नोई पर 10 लाख का ईनाम घोषित



**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई पर आखिरकार 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। अनमोल पर बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले में शामिल होने का आरोप है। पुलिस को शक है कि अनमोल ने ही शूटर्स को बाबा सिद्दीकी और उनके बेटे जीन सिद्दीकी की तस्वीरें भेजी थीं। अनमोल पर एनआईए के दो मामलों में आरोप हैं। ये दोनों मामले 2022 में दर्ज किए गए थे। इस साल अप्रैल में सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था।

**मेट्रो एंकर**

### 10 हजार करोड़ की संपत्ति में सभी को दिया 'हिस्सा'

# टीटो के लिए संपत्ति छोड़कर गए रतन टाटा!

**मुंबई, एजेंसी।**



हाल में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा करीब 10,000 करोड़ रुपये की दौलत छोड़ गए हैं और वसीयत लागू करने की जिम्मेदारी चार लोगों को दे गए हैं। खास बात यह है कि 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टाटा ग्रुप का नेतृत्व करने के बावजूद रतन टाटा की कंपनियों में सीमित हिस्सेदारी थी। इस कारण वह कभी अमीरों की सूची में नहीं आए।

टाटा ने वसीयत में अपने जर्मन शेफर्ड डॉग टीटो की 'असीमित' देखभाल सुनिश्चित करने के प्रावधान किए हैं। भारत में शायद पहला मौका है जब किसी उद्योगपति ने अपनी वसीयत में इस तरह का प्रावधान किया है। टीटो को रतन टाटा ने पांच-छह साल पहले गोद लिया गया था। इसकी देखभाल की जिम्मेदारी उन्होंने अपने रसोइए राजन शॉ को दी है। पश्चिमी देशों में पालतू जानवरों के लिए संपत्ति छोड़ना असामान्य नहीं है, लेकिन भारत में यह दुर्लभ है।वसीयत में उनके बटलर सुब्बैया के लिए भी प्रावधान हैं जो तीन दशक से जुड़े थे। टाटा ने अपने फाउंडेशन, भाई जिमी टाटा, सौतेली बहनों शिरीन और डिएना जीजीभॉय, हाउस स्टाफ और अन्य लोगों को भी हिस्सेदार बनाया है। टाटा की संपत्ति में अलीबाग में 2,000 वर्ग फुट बंगला, मुंबई के जुहू में दोमंजिला मकान, 350 करोड़ रुपये की एफडी और टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 0.83 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है।

### किसे मिलेगा कारों का फ्लीट

कारों के शौकीन रतन टाटा के पास करीब 20-30 गाड़ियों का बेड़ा था। इसमें कई लग्जरी मॉडल भी शामिल हैं। इन गाड़ियों को हेलकाई हाउस और कोलाबा में ताज वेलिंगटन म्यूज सर्विस अपार्टमेंट में रखा गया है। इस कलेक्शन पर अभी विचार किया जा रहा है। इन्हें टाटा ग्रुप खरीदकर पुणे म्यूजियम में रख सकता है या फिर इनकी नीलामी की जा सकती है।

### 'मित्र' शांतनु को क्या मिला

रतन टाटा के एग्जीक्यूटिव एसिसटेंट शांतनु नायडू का भी नाम वसीयत में है। टाटा ने नायडू के वेंचर गुडफेलो में अपनी हिस्सेदारी छोड़ दी है। साथ ही उन्होंने नायडू के विदेश में शिक्षा के लिए लिए गए व्यक्तिगत ऋण को भी माफ कर दिया है। टाटा ग्रुप में चैरिटेबल ट्रस्ट के शेयरों को छोड़ने की परंपरा रही है। रतन टाटा ने भी इसका निर्वहन किया है। उनकी हिस्सेदारी रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन को हस्तांतरित की जाएगी। टाटा कोलाबा के हेलकाई हाउस में रहते थे। इसका स्वामित्व टाटा संस की 100% सहायक कंपनी इवर्ट इन्वेस्टमेंट्स के पास है। इसका भविष्य इवर्ट तय करेगी। वहीं जुहू हाउस एक चौथाई एकड़ में फैला है। यह रतन टाटा और उनके परिवार को विरासत में मिला था। यह दो दशक से बंद है, इसे बेचने की योजना है।



राजधानी में मौसम की बदलती करवट का सुबह और शाम को अहसास होने लगा है। सुबह आसमान पर धुंध व कोहरा तो शाम को हल्की ठंडक से नजारे बदलने लगे हैं।

# चेकिंग अभियान : रेलवे स्टेशन के बाहर 9 क्विंटल मावा जब्त

### आगरा से भोपाल आया मावा, सैंपल जांच के लिए भेजे गए

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में त्योहारी सीजन शुरू होते ही अमानक मावा की खपत शुरू हो जाती है। दरअसल त्योहारों में मावा और पनीर की खपत बढ़ जाती है। इस वजह से ग्वालियर, भिंड, मुरैना समेत कई जिलों से मावा भोपाल आता है। कई बार अमानक मावा की खपत भी होती है। जिस वजह से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम कार्रवाई में जुटी रहती है। प्रदेश के बाहर से भी मावा आता है। राजधानी की बजरिया पुलिस ने गुरुवार को आगरा से भोपाल आया 9 क्विंटल मावा जब्त किया है। मावा भोपाल रेलवे स्टेशन के बाहर एक लोडिंग गाड़ी में रखा था, जिसकी शहर में डिलीवरी होना थी। आगे की जांच के लिए यह मामला खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग को हैंड ओवर कर दिया गया है।

बजरिया थाना पुलिस ने सुबह स्टेशन के बाहर चेकिंग की। इस दौरान वाहन नंबर MP



04 LD-7711 में 23 डलिया में मावा रखा मिला। जानकारी मिलते ही फूड इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और जांच के लिए सैंपलिंग की। सीनियर फूड इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया, 23 डलिया में कुल 9 क्विंटल मावा रखा था। यह आगरा से किसी दीवान सिंह ने बुक कराया था, जो गुरुवार को ट्रेन के जरिए भोपाल पहुंचा। यहां नारायण सोनी की गाड़ी से मावा शहर में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था। मावा कम से कम 15 से 20 घंटे पुराना है।

# भोपाल की वैश्विक पहचान के लिए सर्वे जनता से मांगे सुझाव




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर की अद्वितीय धरोहर और आधुनिक विकास को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए क्रेडाई भोपाल द्वारा एक महत्वपूर्ण सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे का उद्देश्य यह जानना है कि कौन-सी विशेषताएं भोपाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ा कर सकती हैं। सर्वे में शहरवासियों को वोट देने का मौका दिया जा रहा है ताकि वे इस बात पर अपनी राय दे सकें कि शहर की कौन-सी धरोहर या शहरी योजना को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**राजधानी की नये सिरे से ब्रांडिंग का प्रयास**

इस सर्वे में तीन प्रमुख विकल्प दिए गए हैं यह - पाषाण कालीन शैल चित्र: 30,000 ईसा पूर्व से रहने योग्य स्थान। राजा भोज की नगर योजना: 1010 ईस्वी में स्थापित भोजपाल नगर तथा . सबसे बडा लैंड लॉक एरिया 500 किलोमीटर के दायरे में सबसे ज्यादा अर्बन फुटप्रिंट्स।

सर्वे के आयोजकों का कहना है कि जनता की राय से यह तय हो सकेगा कि भोपाल की वैश्विक पहचान किस दिशा में बढ़ेगी। यह सर्वे सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को आकार देने के लिए है। जनता से अपील की गई है कि वे इस पोल में अपनी राय देकर भोपाल की पहचान को मजबूत करें। क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा हमने अब तक शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त की है, लेकिन अधिक भागीदारी की जरूरत है ताकि हम भोपाल की सबसे सटीक पहचान को उभार सकें।

### सभी मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे

# एम्स में 3 किडनी प्रत्यारोपण पत्नियों ने बचाई पति की जान

राजधानी स्थित एम्स ने किफायती और उन्नत स्वास्थ्य सेवा में एक नई मिसाल कायम करते हुए तीन किडनी प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक पूरे किए। पहला प्रत्यारोपण जनवरी में किया गया था जब एक पिता ने अपने पुत्र को किडनी दान दी थी। अब हाल ही में दो और सफल किडनी प्रत्यारोपण किए गए।

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

इन मामलों में, दो किडनी दान पत्नियों ने अपने पति की जान बचाने के लिए अपनी किडनी दान की। उनमें से एक मरीज रीवा से जबकि दूसरा भोपाल से है और दोनों ही मरीजों की बेहतर रिकवरी हो रही है। एम्स भोपाल की विशेषज्ञता ने इन परिवारों को एक स्वस्थ भविष्य की नई उम्मीद दी है। उल्लेखनीय है कि एम्स न केवल अपनी चिकित्सा सफलता के लिए बल्कि किफायती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी जाना जाता है। यहां किडनी प्रत्यारोपण की औसत लागत 3 से 4 लाख के बीच है, जो निजी अस्पतालों में 15 से 20 लाख की तुलना में काफी कम है।


इसके अलावा सरकारी योजनाओं के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ये सफल किडनी प्रत्यारोपण हमारी मेडिकल टीम की निष्ठा, कौशल और परिश्रम का प्रमाण हैं। प्रत्यारोपण कार्यक्रम



की सफलता को देखते हुए, हम निकट भविष्य में और भी अधिक ऐसी सर्जरी करने की योजना बना रहे हैं, ताकि और लोगों की सेवा की जा सके। एम्स भोपाल के नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. महेंद्र अटलानी ने इन सफलताओं पर कहा, इन प्रत्यारोपणों की सफलता केवल शल्य कौशल की बात नहीं है, बल्कि इसमें सटीक पूर्व-ऑपरेटिव योजना और समर्पित पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल भी शामिल है।

## सीबीआई कोर्ट ने खाद्य निगम कर्मचारी को सुनाई 5 साल की सजा

**भोपाल।** सीबीआई न्यायालय के विशेष न्यायाधीश अरविन्द कुमार शर्मा की अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में सुनवाई करते हुए भारतीय खाद्य निगम के संभागीय कार्यालय में सहायक स्तर-1 के पद पर पदस्थ रहे अभियुक्त किशोर मीणा को दोषी पाया है। मामले में कोर्ट ने आरोपी किशोर मीणा को 5 साल के कारवास और 4.5 करोड़ रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने किशोर के आधिपत्य से बरामद नगद राशि 3.96 करोड़ से अधिक नकदी को राजसात करने का भी आदेश दिया। सीबीआई की ओर से प्रकरण में पैरवी मनफूल बिश्नोई लोक अभियोजक ने की। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में 1 साल के अतिरिक्त कारावास के आदेश भी न्यायालय ने दिए हैं। जानकारी के अनुसार, किशोर मीणा के पास से 1 लाख रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई थी। सभी अभियुक्तों की तलाशी ली गई, जब आरोपी किशोर मीणा की तलाशी ली गई तो उसके पास 60,840 रुपये की अन्य नकदी भी बरामद हुई। इसके बाद किशोर मीणा के घर की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 3 करोड़ से अधिक की नकदी, 387 ग्राम सोने के आभूषण, 670 ग्राम चांदी के आभूषण एवं चल-अचल सम्पत्ति के दस्तावेज बरामद हुए थे।



पोषण वाटिका पर प्रशिक्षण- भाभा यूनिवर्सिटी के कृषि संकाय मे पोषण और पोषण वाटिका पर प्रशिक्षण द सहायक ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें बी.एस.सी एग्रीकल्चर के छात्रों व संकाय के सभी सहायक प्रोफेसरों, प्रोफेसरों ने हिस्सा ले रहे हैं।

## गांधी शिल्प बाजार का आयोजन 30 तक

**भोपाल।** भारतीय हस्तशिल्प द्वारा प्रायोजित गांधी शिल्प बाजार का आयोजन 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ त्रिलंगा रोड पुरानी माखनलाल यूनिवर्सिटी केम्पस, भोपाल में यह बाजार लगाया गया है। संपूर्ण भारत के हस्त-शिल्पियों की उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही स्वयं हस्त-शिल्पियों द्वारा बिक्री भी की जा रही है। बाजार में लगभग सौ स्टॉल्स लगाये गये हैं।

**सभी मेंन्टेनेंस वर्क पूरे**

# कंपनी का दावा-इस बार दीपावली पर बिजली नहीं होगी गुल

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बिजली अफसरों ने इस बार दीपावली पर भोपाल में निर्माण तथा संधारण कार्यों को पूर्ण करने का दावा किया है। इससे उपभोक्ताओं को रोशनी के पर्व दीपावली पर निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इस बारे में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक बी.बी. एस. परिहार ने कहा है कि शहर वृत्त भोपाल के अंतर्गत दो स्थानों पर 33 के.व्ही. लाईन पर अरेजमेन्ट का कार्य पूर्ण किया गया। साथ ही तीन उपकेन्द्रों ए.के.व्ही.एन, ई-8 एवं रोहितास उपकेन्द्रों में अति भारित पॉवर ट्रॉसफार्मरों की क्षमता वृद्धि 05 एमवीए से 10 एमवीए की गई। कंपनी द्वारा शहर वृत्त भोपाल के अंतर्गत अधिक भार वाले क्षेत्रों को



चयनित कर कुल 170 स्थानों पर अतिरिक्त वितरण ट्रॉसफार्मरों की स्थापना की गई है। इसके साथ ही तीन स्थानों पर वितरण ट्रॉसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य पूर्ण किया गया है। वहीं 147 स्थानों पर पुराने तारों के बदले कुल 40.5 कि.मी. केबल का कार्य किया गया है, जबकि शहर वृत्त के 57 स्थानों पर कुल 8.5 कि.मी केबल की क्षमता वृद्धि का कार्य पूर्ण किया गया है। इससे निम्नदाब उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी ।

# खुलासा: जहर से हुई थी की इंश्योरेंस अधिकारी की मौत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित निर्मल पैलेश में किराए से रहने वाली निजी बैंक की इंश्योरेंस शाखा की अधिकारी की मौत जहर से हुई थी। इसका खुलासा शार्ट पीएम रिपोर्ट में हुआ है। डॉक्टर ने शार्ट पीएम रिपोर्ट में सस्पेक्टेड जहर का जिक्र किया है। पुलिस अब मामले को सुसाइड मान रही है। इसकी वजह यह कि युवती का बंद कमरे के अंदर मिला था। उसके कमरे में किसी का आना-जाना भी नहीं हुआ।

पुलिस के अनुसार नेहा विजयवर्गीय पिता स्वर्गीय राजेंद्र विजयवर्गीय (×6) मूलतः राजगढ़ जिले की रहने वाली थी। वह निर्मल पैलेश बी-1×7 अवधपुरी में किराए के कमरे में रहती थीं। मकान मालिक नीचे रहता है, जबकि सेकंड फ्लोर पर बने कमरे में नेहा अकेली रहती थी। नेहा होशंगाबाद रोड स्थित निजी बैंक की इंश्योरेंस शाखा में नौकरी करती थीं। परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही वह कॉल अटैंड नहीं कर रही थीं। मकान मालिक को कॉल कर बात करने को कहा। शाम को मकान मालकिन नेहा के कमरे के बाहर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम एंबुलेंस लेकर पहुंची। इसके बाद खिडकी से बांस डालकर दरवाजा खोला गया। इस दौरान कमरे में अंदर नेहा की लाश बेड के पास निर्वस्त्र अवस्था में पड़ी मिली थीं।

**मेट्रो एंकर** | कार्यशाला में 56 विषय विशेषज्ञ, 258 डेलीगेट्स और 70 संस्थान शामिल हुए

# विधि शिक्षा का करिकुलम भारतीय ज्ञान के आधार पर होना चाहिए : पालो

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बदलते सामाजिक बदलाव में विधि शिक्षा महत्वपूर्ण है। वैकल्पिक विवाद समाधान विषय को विधि के छात्रों को बहुत अच्छ से पढाया जाना चाहिए। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि वे इस विषय के एक्सपर्ट बनकर अपने लोगों को त्वरित न्याय दे सकते हैं। इसके आमजन को लाभ होता है। आर्बीट्रेशन, लोक अदालत, कॉन्सिलिएशन, मीडिएशन से न्यायालयों पर पढने वाला बोझ कम होगा।




विधि शिक्षा का कॅरिकुलम भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर होना चाहिए। यह बात मप्र के उपलोकायुक्त जस्टिस एसके पालो ने कही। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: विधिक पाठ्यक्रम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में 14 तकनीकी सत्र हुए। इसमें देशभर से 56 विषय विशेषज्ञ, 258 डेलीगेट्स और 70 संस्थान शामिल हुए।

इसके समापन अवसर पर गुरुवार को मप्र के उपलोकायुक्त जस्टिस एसके पॉलो, सुप्रीम कोर्ट के एडमिशन एडवोकेट जनरल मप्र एडवोकेट जयदीप राय, कुलगुरु प्रो. एसके जैन, विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कार्यशाला के डॉ. शशिरंजन अकेला, विधि विभाग की एचओडी डॉ. मोना पुरोहित आदि मौजूद रहे। इस कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। डॉ. शशिरंजन अकेला ने कहा कि हमें तकनीकी से दूर नहीं होना चाहते। हम युगानुकूल परिवर्तन की बात करते हैं। हम एआई, आईओटी जैसी टेक्नोलॉजी के साथ काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि तकनीकी व्यक्ति पर हावी नहीं हो। विद्या भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. शशिरंजन अकेला ने कहा कि भारत में शिक्षा को लेकर कंपार्टमेंटलाइजेशन की बात नहीं थी। औपनिवेशिक काल में विषयों के आधार पर शिक्षा देने का भेद शुरू हुआ। इसे स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा में बांटा गया। जबकि भारत की ज्ञान परंपरा में हम 64 कलाओं और 14 विद्याओं की शिक्षा के माध्यम से समग्र व्यक्ति विकास और जीवन के मूल्यों की शिक्षा देते थे।

एनईपी में जिन बातों पर फोकस किया जा रहा है वो भारत की शिक्षा का स्वाभाविक अंग थे। डॉ. शशिरंजन अकेला ने कहा कि अब भारतीय शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल करने की आवश्यकता है। इसलिए एनईपी में इस बात का ध्यान रखा गया कि शिक्षा ऐसी हो जो हमको संस्कृति से जोडे रखे और जिसकी प्रतिबद्धता समाज की प्रगति में हो।

# सोयाबीन खरीदी शुरू, कई केंद्र खुले, मगर किसान ही नहीं पहुंचे

## पंजीयन कराने वाले किसानों को सोसाइटी ओर से नहीं बताया कि उन्हें कब पहुंचना है



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश भर में शुक्रवार से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी शुरू हो गई है। खरीदी के लिए 1400 केंद्र चिन्हित किए थे, इनमें से 75 फीसद केंद्रों पर पहले दिन एक भी किसान उपज बेचने नहीं पहुंचे। ये केंद्र खाली रहे। इसके पीछे की वजह यह पता चली कि केंद्रों पर पंजीयन कराने वाले किसानों को यह नहीं बताया गया कि उन्हें किस दिन उपज बेचने पहुंचना है। जबकि सरकार ने पहली बार समर्थन मूल्य पर की जा रही गेहूं खरीदी को लेकर व्यापक व्यवस्था बनाई थी। उल्लेखनीय है कि सोयाबीन बेचने के लिए 3 लाख 50 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। किसानों को प्रति क्विंटल 4892 रुपये मिलेंगे। भुगतान 7 से 15 दिन के भीतर होगा। खरीदी एजेंसी मार्कफेड के अधिकारियों का दावा है कि किसानों को उनके चाहे गए दिन पर उपज बेचने के लिए स्लॉट दिए हैं। उक्त स्लाट पर ही किसान केंद्रों में सोयाबीन बेच सकेंगे लेकिन ये दावे पहले ही दिन कई केंद्रों पर सच साबित नहीं हुए। प्रदेश में सोयाबीन का उत्पादन 60 से 70 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है। केंद्र ने इसके लिए 13.68 लाख मीट्रिक टन खरीदी की अनुमति दी है। इसके बाद भी केंद्रों पर उपज की आवक होगी तो राज्य सरकार खरीदी व परिवहन समेत अन्य खर्च उठाएगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीदी की सभी व्यवस्थाएं कर ली है। पहली बार ऑनलाइन निगरानी की व्यवस्था है, खरीदी का अधिकारियों का दल औचक निरीक्षण भी करेंगे। किसी भी दागी समिति को खरीदी की अनुमति नही दी है।

### सीएम इस महीने की 28 तारीख को सुनेंगे चुनिंदा शिकायतें

# सीएम समाधान की तारीख तय होने से अफसरों में घबराहट

## शिकायतों का बोझ कम करने में जुटे अफसर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। मोहन सरकार में पहली बार सीएम समाधान की तारीख तय होने से अफसरों में हड़कंप मचा है। अधिकारी इस फिराक में है कि किसी भी तरह शिकायतों को क्लोज किया जाए। इतना ही नहीं, विभाग के नाम पर सीएम हेल्पलाइन व विभिन्न पोर्टलों पर कम से कम शिकायतें हो, इसका भी प्रयास कर रहे हैं।**



असल में मोहन सरकार पहली बार सीएम समाधान सेवा को शुरू करने जा रही है। प्रस्तावित योजना के तहत सीएम 28 अक्टूबर को शिकायतकर्ताओं से बात करें। इसके बाद हर महीने की एक तारीख तय होगी, जिसमें सीएम सीधे शिकायर्ता को फोन मिलाकर बात करेंगे, उनकी शिकायत के बारे में सुनेंगे। यदि इसमें अधिकारियों की गलती मिली तुरंत कार्रवाही भी होगी। सीएम से बातचीत के बाद संबंधित की शिकायत का समाधान तो होगा ही, साथ ही संबंधित को शिकायत करने के लिए मजबूर करने की स्थिति पैदा करने और उसकी शिकायत को अनसुना करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर कार्रवाई भी होगी। तत्कालीन सरकार के समय यह व्यवस्था प्रभावी थी। उल्लेखनी है कि सीएम डॉ. मोहन यादव ने 4 अक्टूबर को लोक सेवा प्रबंधन विभाग की बैठक ली थी। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा और विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह भी शामिल थे। सीएम ने तभी कहा था कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत को अनसुना न किया जाए, उसको प्राथमिकता से सुना जाए। उसकी शिकायत का वास्तविक निराकरण करें। अधिकारियों के मुताबिक विभिन्न पोर्टलों पर रोजाना हजारों शिकायतें आ रही है जो कि लोगों की परेशान होने का उदाहरण है। सरकार इन शिकायतों को अनसुना नहीं करना चाहती, बल्कि तेजी से इनके निराकरण की दिशा में प्रयास कर रही है। सीएम समाधान इसका बेहतर विकल्प माना जा रहा है।

# केंद्र के दखल के बाद भी रातापानी की अड़चन दूर नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को रिजर्व घोषित करने में आ रही अड़चन अफसर दूर नहीं कर पा रहे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के हस्तक्षेप के बाद भी हाल ऐसे हैं। केंद्रीय मंत्री ने जनवरी 2024 को पत्र लिखकर रातापानी को जल्द टाइगर रिजर्व घोषित करने की बात कही थी। मामला वन मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव वन के स्तर पर अटका है। उधर, माधव नेशनल पार्क को रिजर्व घोषित करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। वन मुख्यालय ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को पत्र लिखकर सैद्धांतिक अनुमति मांगी है। रातापानी वन्यजीव अभयारण्य को रिजर्व घोषित करने के संबंध में एनटीसीए ने यह अनुमति 2008 से दे रखी है। मप्र की ओर से इसमें देरी हो रही है।

### प्रदेश को मिलने हैं दो नए टाइगर रिजर्व

**बाघ संरक्षण को फाइल आगे बढ़ाई:** रातापानी को रिजर्व बनाने की प्रक्रिया मोहन सरकार के नेतृत्व में आगे बढ़ी है, पहले एनटीसीए की अनुमति के बाद भी प्रक्रिया अटकी थी। वहीं माधव राष्ट्रीय उद्यान को रिजर्व बनाने की मंजूरी भी मोहन सरकार ने दी।

# जल जीवन मिशन केंद्र ने जारी की 600 करोड़ की किस्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** केंद्र सरकार की प्रमुख योजना जल जीवन मिशन का प्रदेश में ठप जैसी स्थिति में है, क्योंकि केंद्र ने 2022 करोड़ का फंड रोक रखा है। इसमें से 600 करोड़ रुपए जारी किए हैं। यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। हालांकि दिवाली से पहले एक और किस्त जारी हो सकती है। जल जीवन में मिशन में फंड की कमी लगातार बढ़ रही थी। इसे लेकर राज्य सरकार ने चिंता व्यक्त करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव की ओर से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा गया था।

# सीएम ने लिया ग्वालियर में कानून व्यवस्था व कामों की प्रगति का जायजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की प्रगति की अल्प समय में समीक्षा की। असल में वह गुरुवार श्योपुर गए थे जहां ग्वालियर विमानतल पर उन्होंने संभागायुक्त, कलेक्टर व पुलिस महानिरीक्षक समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने ग्वालियर समेत आसपास के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कानून व्यवस्था के हाल भी जाने। सीएम ने अधिकारियों को तेजी से विकास कार्यों को गति देने और सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। सीएम के साथ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी थे। विमानतल पर संभाग आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, कलेक्टर रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी आदि मौजूद रहे।

# कॉलेजों में नर्सिंग पाठ्यक्रम का प्रस्ताव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों में पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की टास्क फोर्स की बैठक में यह सुझाव आया। अध्यक्षता करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुझाव विचार योग्य है। यह विद्यार्थियों, चिकित्सकों और आमजन के हित में है। परीक्षण और विचार के बाद आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, टास्क फोर्स सदस्य अतुल कोठारी और मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष अशोक कड़ेल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त एवं सचिव उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े, समिति के सदस्य एवं विवि के कुलगुरु उपस्थित थे। बैठक में महापुरुषों की जीवनियों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की पहल सराही गई है।

# यातायात सुगम करने भोपाल को एक और आरओबी की सौगात, मंत्री सारंग ने किया स्थल निरीक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 के पास द्वारका नगर कोच फैक्ट्री से छोला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास के क्षेत्र को सीधे लाभान्वित करने वाले आरओबी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। यह भोपाल क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है। आरओबी का लाभ भोपाल के सभी लोगों को होगा। कनेक्टिविटी के कारण करोंद, बैरसिया, स्टेशन, छोला सहित निशातपुरा क्षेत्र के सभी रहवासियों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री सारंग ने बताया कि यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके बनने से करीब 15 किमी का राउंड बचेगा। यह क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात है। जल्द ही इसका भूमि-पूजन किया जायेगा। मंत्री ने रेलवे, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरओबी के प्लॉन की जानकारी लेकर निश्चित समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

# विशेष पिछड़ी जाति बहुल 5,481 गांवों में काम तेज, मप्र सरकार ने निगरानी बढ़ाई

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 11 हजार 377 गांवों के विकास की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के विशेष पिछड़ी जाति बाहुल्य गांवों में विकास कार्य तेज कर दिए हैं। यहां पीएम जन–मन योजना के तहत सड़क, नाली, स्कूल, आंगनबाड़ी समेत अद्यौसंचरनात्मक कामों में तेजी लाई है। बाकी के 11 हजार 377 गांवों के विकास का खाका तैयार किया जा रहा है। इन सभी कामों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद है, इसके लिए केंद्र ने राशि दी है, कुछ हिस्सा, राज्य भी वहन कर रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है, केंद्र व राज्य से इन कामों की विशेष निगरानी भी की जा रही है।



**सीएम ने दिए निर्देश:** सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना के तहत बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष रूप से पिछ?ी जनजातियों (पीवीटीजी) को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। ऐसे 5,481 गांव चिन्हित किया। इन गांवों में पीवीटीजी आबादी निवास करती है। इन गांवों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के 9 मंत्रालय, विभाग 11 प्रकार की नागरिक सुविधाओं की आपूर्ति को सहज और सुगम बनाने में जुटे हैं।

**मेट्रो एंकर** | सिकल सेल उन्मूलन पर 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# राज्यपाल बोले- सिकल सेल प्रबंधन में आयुष दवाइयों का प्रयोग बढ़ाया जाए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आये स्वास्थ्य विशेषज्ञों के दल ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग प्रबंधन के लिए आयुष दवाइयों की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने रोगियों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर सिकल सेल प्रबंधन में उनके द्वारा अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिसेज को समझा। उन्होंने सिकल सेल रोग के प्रबंधन में मध्यप्रदेश द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन अंतर्गत 2 दिवसीय कार्यशाला 23-24 अक्टूबर को भोपाल के होटल कोर्टयार्ड मैरियट होटल में आयोजित की गई। कार्यशाला में 17 राज्यों के नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और राज्य के विभिन्न उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हुए। अपर सचिव एवं मिशन निदेशक श्रीमती आराधना पटनायक ने भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। अपर सचिव श्रीमती पटनायक ने रायसेन जिले में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ढकना चखना एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का दौरा किया एवं



उनकी कार्यविधि को जाना। सिकल सेल रोग के प्रबंधन में उपयोग की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरे दिन, सिकल सेल रोग के उन्मूलन में बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जीन थेरेपी और रिसर्च की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में अपर सचिव एवं मिशन निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती आराधना पटनायक, संयुक्त सचिव, नीति श्री सौरभ जैन, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री हर्ष मंगला, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री संदीप यादव एवं मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-मध्यप्रदेश श्रीमती प्रियंका दास सहित 6 अन्य राज्यों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक एवं 17 राज्यों से नोडल अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### फील्ड विजिट कर समझी सिकल सेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली

पहले दिन सिकल सेल रोग के प्रबंधन, स्क्रीनिंग, उपचार और जनजातीय समुदायों में रोग की स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने रोग प्रबंधन के वर्तमान तरीकों पर प्रकाश डालते हुए इसमें नवाचार की संभावनाओं पर भी विचार–विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने फील्ड विजिट में सिकल सेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली को समझा। बावड़िया कला स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का टीम ने दौरा किया, जहां उन्होंने जनजातीय बच्चों के बीच सिकल सेल स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन और काउंसलिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके बाद टीम ने इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय के ब्लड बैंक का दौरा कर ऑटोमेशन, कॉम्पोनेन्ट सेपरेशन और अन्य नवीन तकनीकों का अवलोकन किया। बीएमएचआरसी की विभिन्न यूनिट्स, जैसे सेंटर ऑफ कम्पेटेन्स, इमरजेंसी यूनिट और फिजियोथेरेपी यूनिट का टीम ने भ्रमण किया।



## संपादकीय

# संभावना और चुनौतियां

**हा** देश का आर्थिक परिदृश्य जुलाई की तुलना में अपरिवर्तित है लेकिन उसके सामने कुछ नीतिगत स्पष्टता की जरूरत भी आ रही है। हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक संभावनाएं स्थिर हैं। आईएमएफ ने वृद्धि संबंधी अनुमान को 3.2 फीसदी पर स्थिर रखा है। जुलाई की तुलना में उसने अगले वर्ष के लिये अपने पूर्वानुमान को 10 आधार अंक कम करके 3.2 फीसदी किया है। हालांकि उसने अमेरिका के वृद्धि अनुमानों में सुधार किया है जबकि यूरो क्षेत्र के अनुमान में कटौती की गई है। आईएमएफ का अनुमान है कि चालू वर्ष और अगले वर्ष भारत क्रमशः सात और 6.5 फीसदी की दर से वृद्धि करेगा। चीन के वृद्धि अनुमान में इस वर्ष के लिए 20 आधार अंक की कटौती है। मानक अनुमान के अलावा विश्व आर्थिक परिदृश्य नीतिगत धुरी और खतरों के बारे में बात करता है जिनकी चर्चा करना उपयोगी है। नीतिगत संदर्भ में आईएमएफ के आर्थिक सलाहकार पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा है कि मुद्रास्फीति के विरुद्ध लड़ाई व्यापक तौर पर जीती जा चुकी है। हालांकि वृद्धिदर महामारी के पहले के स्तर से नीचे है और निकट भविष्य में वह ऐसी ही स्थिति में रहने वाली दिखती है लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था बीते कुछ वर्षों में लगे तमाम झटकों के बावजूद मजबूत बनी रही है। महामारी, जंग और भू-राजनीतिक तनाव इसके उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त बड़े मौद्रिक बैंकों ने भी नीतिगत सख्ती बरती है। हालांकि कुछ विकसित देशों में मुद्रास्फीति की दर अभी भी तय स्तर से अधिक है लेकिन वह अपेक्षाकृत सहज स्तर पर आ चुकी है और केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों में कटौती आरंभ कर दी है। इससे विकासशील देशों समेत वित्तीय हालात को सहज बनाने में मदद मिलेगी। अपस्फीति के कुछ अंश के लिए झटकों के कम होने को वजह माना जा सकता है लेकिन मौद्रिक नीति समिति ने मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान को थामे रखने में मदद की है और मेहनताने और कीमतों के चक्र से बचने में सहायता की है। बहरहाल केंद्रीय बैंकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। अन्य नीतिगत मुद्दा है ऋण को स्थिर करना। महामारी के बाद अधिकांश देशों द्वारा शिथिल राजकोषीय नीति अपनाए जाने के बाद अब हालात में सुधार का समय है। आईएमएफ कहता है कि वर्तमान राजकोषीय योजनाओं के अधीन अमेरिका और चीन जैसे देशों के लिए ऋण का स्तर स्थिर नहीं है। अमेरिका में जहां बजट घाटा बढ़ा है, वहीं चीन में आर्थिक वृद्धि के समर्थन के लिए विभिन्न स्तरों पर राजकोषीय हस्तक्षेप रहा है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में स्थिरता है हालांकि मध्यम अवधि में अभी भी कई जोखिम हैं। उदाहरण के लिए अगर चीन के संपत्ति बाजार में समस्या अनुमान से अधिक विकट होती है तो इसका असर न केवल चीन, बल्कि समूचे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। भारी घाटे तथा बाह्य सहायता की आवश्यकता वाले कई देशों की कठिनाई जारी रह सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर भी बहत कुछ निर्भर होगा। बहरहाल, फिलहाल तो शायद सबसे बड़ा जोखिम है पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव जो आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकता है और जिंस कीमतों में इजाफे की वजह बन सकता है। जहां तक भारत की बात है तो मुद्रास्फीति कम करने की प्रक्रिया जारी है, वहीं राजकोषीय गुंजाइश बनाने की भी जरूरत है। यद्यपि फिलहाल बजट घाटा कम हो रहा है लेकिन भविष्य को लेकर अधिक नीतिगत स्पष्टता की आवश्यकता है। अल्प से मध्यम अवधि के दौरान भारत को धीमी वैश्विक वृद्धि से निपटने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी।

असल बात प्यार करना है, प्यार पाना नहीं। – मृदुला गर्ग

## आज का इतिहास

- 1905-नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1934-महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।
- 1937-हिंदी सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर का जन्म।
- 1943-कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।
- 1947-राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।
- 1950-संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।
- 1951-विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- 1969-चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।
- 1975-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।
- 1976-त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1980-इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।
- 1981-भारत के प्रसिद्ध कन्नड़ कवि और साहित्यकार दत्तात्रेय रामचन्द्र बेंद्रे का निधन।
- 1994-इजरायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।
- 1999-उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।
- 2001-जापान ने भारत और पाकिस्तान के ख़िलाफ़ लगे प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की।
- 2002-भारत के भारोत्तोलक खिलाड़ी जेरेमी लालरिनुंगा का जन्म।
- 2005-वर्ष 2006 को भारत-चीन मैत्री वर्ष के रूप में मनाने का फैसला।
- 2006-इजरायल में एक मंत्री ने भारत से बराक सौदे पर जांच की मांग की।
- 2007-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का महत्त्वपूर्ण यान डिस्कवरी अंतर्राष्ट्रीय स्पेश स्टेशन पर सफलतापूर्वक उतरा।

## निशाना

### चल रही तलाश !



बनें नए समीकरण ।
चल रही तलाश ।।
लाना अलग चेहरे ।
जगी ऐसी प्यास ।।
करना सब नवीन है ।
आए नई बहार ।।
चाह रहे हम करने को ।
जनता पर उपकार ।।
किए यदि सुधार ।
तय मिलना है फल ।।
कार्यकर्ताओं को ।
मिल जाए कुछ बल ।।
रणनीति ही ऐसी ।
है हमने बनाई ।।
उब गए हैं हम ।
हुई जो जगहंसाई ।।

- कृष्णेन्द्र राय

# ईरान पर कब हमला करेगा इजरायल किस दबाव में हैं बेंजामिन नेतन्याहू

इजरायल-हमास-हिजबुल्लाह युद्ध पर दुनिया भर की निगाह है.हिजबुल्लाह के मुताबिक हमास नेता याह्या सिनवार की शहादत के बाद यह युद्ध नए दौर में प्रवेश कर गया है.हिजबुल्लाह का कहना है कि अब उसके हमले सैन्य निशानों तक सीमित नहीं रहेंगे.हिजबुल्लाह ने ड्रोन हमले में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निवास को निशाना बनाकर इसे साबित भी किया.नेतन्याहू कह रहे हैं कि वह इसका बदला लेंगे. लेकिन यही दावा उन्होंने एक महीने पहले इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद भी किया था। ईरान के हमले को एक महीना होने को आया, लेकिन इजरायल तय नहीं कर पा रहा है कि वह बदला किस तरह ले कि बात भी न बढ़े और उसका हिसाब भी बराबर हो जाए.इस बीच अमेरिका से एक खुफिया रिपोर्ट लीक होने का दावा किया जा रहा है.कहा जा रहा है इस गोपनीय दस्तावेज में ईरान पर इजरायली हमले की योजना का ब्यौरा है.अमेरिका इस रिपोर्ट के लीक होने से चिंतित है,लेकिन विशेषज्ञ इसे इजरायल की तरफ से ईरान पर मानसिक दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं.इसके बाद भी दुनिया चिंतित है. इस लड़ाई के फैलने के नतीजों का अनुमान दुनिया अभी से लगा रही है. इधर इजरायली विमान लेबनान और गाजा पर लगातार बमबारी कर रहे हैं. इजरायल की समझ में नहीं आ रहा है कि जब इस्माइल हानिया,सैयद हसन नसरुल्लाह और याह्या सिनवार जैसे लोग नहीं हैं तो फिर यह लड़ाई आखिर लड़ कौन रहा है?




फलस्तीन में इजरायली सेना को दाखिल हुए एक साल से ज्यादा का समय गुजर चुका है.इस दौरान गाजा मलबे के ढेर में बदल चुका है.इजरायली सेना के हवाई और जमीनी हमलों में करीब 42 हजार फलस्तीनी अपनी जान गंवा चुके हैं.इनमें करीब 17 हजार बच्चे और 11 हजार महिलाएं शामिल हैं.सात सितंबर,2023 को इजरायल पर हमला करते समय हमास ने अपने हिसाब-किताब में इस तबाही का अंदाजा शायद नहीं लगाया होगा. इस्माइल हानिया और याह्या सिनवार समेत हमास के कई प्रमुख लड़ाके मारे जा चुके हैं.इससे हमास को भारी नुकसान उठाना पड़ा है.लेकिन इन सबके बाद भी हमास की हमला करने की क्षमता में कमी नहीं आई है। इजरायल पर हमले की बरसी वाले दिन यानी सात अक्तूबर 2024 को हमास ने इजरायल पर कई रॉकेट दाग अपनी क्षमता दिखाई. हमास प्रवक्ता अबु उबैदा का कहना है कि उनका संगठन इजरायल को क्रमिक विघटन की लंबी लड़ाई लड़ रहा है.यह लड़ाई फलस्तीन के आजाद मुल्क बनने तक जारी रहेगी। चार महीने के अंदर ही हमास को अपने दो बड़े नेताओं इस्माइल हानिया और याह्याया सिनवार को खोना पड़ा है।

इजरायली सेना के जमीनी और हवाई हमले अबतक हमास और हिजबुल्लाह का खात्मा कर पाने में नाकाम रहे हैं. इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएएफ) को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है.हमास ने पिछले साल जिन 251 लोगों को बंधक बनाया था,उनमें से करीब सौ का अभी तक सुराग नहीं मिला है.इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने स्वीकार किया है कि इनमें से 34 की जान जा चुकी है.हमास का दावा है कि अधिकांश बंधकों को इजरायली सेना की कार्रवाई में अपनी जान गंवानी पड़ी है.ऐसे में लोग सवाल कर रहे हैं कि इजरायल ने इस एक साल में क्या हासिल किया है? फलस्तीनियों को इस लड़ाई से क्या मिलेगा? सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह लड़ाई आखिर कब खत्म होगी? इन सवालों का कोई सीधा जवाब नहीं है। आईडीएएफ दावा कर सकता है कि उसने हमास और उसके सहयोगियों को भारी नुकसान पहुंचाया है.लेकिन उसके विरोधियों के हौंसले अभी पस्त नहीं हुए हैं.इजरायल अभी यह कह पाने की स्थिति में नहीं है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा. इजरायली सेना में किसी को नहीं मालूम कि हमास और हिजबुल्लाह को कब तक समर्पण करने के लिए मजबूर किया जा सकता है.हिजबुल्लाह अब करीब-करीब रोज ही इजरायल में किसी न किसी जगह को निशाना बनाकर हमले कर रहा है.ऐसे में इजरायल की किसी रणनीतिक बढ़त के दावे का कोई मतलब नहीं रह गया है।

ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराल ने तगड़े जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। हमास और हिजबुल्लाह के हौसलों में कमी न आने की वजहे हैं.एक तो ये संगठन नेतृत्व या चेहरों पर नहीं बल्कि विचारधारा पर आधारित हैं.दूसरा,इनके पास खोने के लिए और उनके बदले में आगे लाने के लिए इजरायल से ज्यादा लोग हैं.इन संगठनों में नेतृत्व,विरासत और नेतृत्व के न रहने पर जिम्मेदारी लेने के लिए एकदम स्पष्ट प्रक्रिया है.यही कारण है कि हर बार किसी बड़े चेहरे की मौत के बाद ये संगठन और मजबूत हो जाते हैं.इसका उदाहरण 1992 में हिजबुल्लाह नेता अब्बास अल मूसवी की हत्या के बाद संगठन की बढ़ी लोकप्रियता है.इसी तरह मार्च 2004 में शेख अहमद यासीन और अप्रैल 2004 में अब्दुल अजीज रंतीसी की हत्या के बाद से हमास की राजनीतिक स्वीकार्यता और बढ़ गई.यह अब प्रतिरोध की आवाज न रहकर फलस्तीन की स्वतंत्रता की लड़ाई का प्रतिनिधि संगठन बन गया है।

आजाद फलस्तीन का खतराः इजरायल विरोधी प्रतिरोध समूह से जुड़े लोगों का दावा है इस लड़ाई में वो अपने निर्धारित लक्ष्यों की तरफ धीमी लेकिन सधी हुई रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं.हमास, हिजबुल्लाह, अंसारुल्लाह जैसे कई संगठनों को संरक्षण दे रहे ईरान के नेताओं का मानना है कि लड़ाई इसी रफ्तार से चलती रहे तो अगले कुछ महीने या कुछ साल में स्वतंत्र फलस्तीन का सपना साकार हो सकता है.हिजबुल्लाह, हमास और अंसारुल्लाह ने हाल ही में ज्यादा उन्नत हथियारों का प्रदर्शन किया है.पश्चिमी देश दबी आवाज में आरोप लगा रहे हैं कि रूस के अलावा चीन और उत्तरी कोरिया भी ईरान की मदद कर रहे हैं.जिस एक अफवाह ने इजरायल और उसके सहयोगी देशों की नींद उड़ा रखी है वो है ईरान का परमाणु परीक्षण.हालांकि ईरान ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है लेकिन अमेरिका और पश्चिमी देश इस अफवाह में सच्चाई महसूस कर रहे हैं। इधर हिजबुल्लाह ने पहली बार फाइबर ऑप्टिक ड्रोन का इस्तेमाल कर इजरायल में गोलानी ब्रिगेड की यूनिट को निशाना बनाया.इसके बाद इजरायल के एयर डिफेंस को चकमा देकर उसका ड्रोन बेंजामिन नेतन्याहू के घर तक पहुंच गया. इसके बाद से रणनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि इस लड़ाई में रूस और चीन का दखल बढ़ गया है. हिजबुल्लाह, हमास और अंसारुल्लाह जिस तरह से हमले कर रहे है वह बिना रूस या चीन की मदद के संभव नहीं है. लेकिन यहां इजरायल की चिंता दूसरी है. दरअसल इस लड़ाई में इन समूहों ने फलस्तीन की आजादी को अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव बना दिया है.इजरायल समर्थक देशों में भी इजरायल के लिए समर्थन में कमी आई है.वैचारिक तौर पर यह हमास की सफलता और इजरायल के हार की तरह है।

इस बदलाव से बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बढ़ रहा है कि वो ईरान पर हमला करें. नेतन्याहू ने कहा भी है कि इजरायल ने अपनी इस योजना को ठंडे बस्ते में नहीं डाला है.अमेरिका से लीक हुए प्लान में अगर सच्चाई है तो माना जा सकता है कि इजरायल ईरान पर हमला करेगा.वहीं ईरान ने धमकी दे रखी है कि अगर इजरायल ने हमला किया तो जवाबी कार्रवाई पहले से कई गुना भयंकर होगी.इजरायल नवंबर के पहले हफ्ते में ईरान पर हमला कर सकता है.दरअसल उस समय अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का प्रचार चरम पर होगा. ऐसे में अगर इजरायल हमला करता है तो ईरान की चेतावनी को देखते हुए वह इस युद्ध का निर्णायक पल भी हो सकता है. लेकिन अगर नवंबर का पहला हफ्ता शांति से गुजर गया तो उम्मीद की जा सकती है कि इजरायल बदले की कार्रवाई की जगह समझौते की राह चुने।

-साभार ब्लागः लेखक वरिष्ठ पत्रकार और पश्चिम एशिया के मामलों के जानकार हैं

# प्रतीकों का मोहताज नहीं न्याय

■ केपी सिंह

कुछ माह पहले सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के पुस्तकालय में न्याय-देवी की नई प्रतिमा का अनावरण किया था। ऐसा विचार है कि न्यायाधीशों की गैलरी की दीवार पर उकेरे गए एक भित्ति चित्र ने सीजेआई को भारतीय न्याय प्रणाली की विकसित प्रकृति का दस्तावेजीकरण करने के लिए न्याय प्रतिमा का भारतीयकरण करने का विचार दिया होगा। भित्ति चित्र में न्याय-देवी को एक भारतीय देवी के परिधान में चित्रित किया गया है, जिसकी आंखें खुली हैं और आंखों पर पट्टी भी नहीं है, पारम्परिक तलवार के स्थान पर देवी के हाथ में एक किताब (परिकल्पना है कि यह भारत का संविधान है) दिखाई देती है, जो इस बात का प्रतीक है कि नए भारत में न्याय अंधा नहीं है, और न ही केवल सज़ा देना न्याय प्रणाली का एकमात्र उद्देश्य है।लम्बे समय से न्यायपालिका और कानूनी संस्थानों से जुड़ी न्याय-देवी की प्रतिमा के डिजाइन में संशोधन को कुछ कानूनी जानकार और मीडिया के लोग भारत की न्याय प्रणाली को उपनिवेशवाद की छाया से बाहर निकालने की कवायद के रूप में भी देख रहे हैं, यद्यपि ऐसा प्रतीत नहीं होता है।

न्याय-देवी की अवधारणा, चाहे वह पेंटिंग, मूर्ति अथवा धातु की मूर्ति के रूप में हो, दुनिया के लिए नई नहीं है। यह प्राचीन यूनान और मिस्र की सभ्यताओं से जुड़े मिथकों में हजारों वर्ष पहले से मौजूद रही है। ग्रीक देवी थेमिस, कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतीक मानी जाती है। मिस्र के लोग 'मात' को न्याय का प्रतिरूप मानते रहे हैं जिसके हाथ में तलवार और सत्य के पंख होते हैं। न्याय की देवी का सबसे सीधा और सरल प्रतिरूपण रोमन सभ्यता में देवी जस्टिसिया को माना गया है, जिसकी छवि आधुनिक समय में बनाई गई न्याय-देवी की प्रतिमा से मेल खाती है। देवी जस्टिसिया नैतिकता और न्याय निरूपण करने वाली मानी जाती रही है।

न्याय-देवी की प्रतिमा का कोई सार्वभौमिक डिजाइन नहीं है और इसका स्वरूप अलग-अलग देशों में भिन्न-भिन्न अंगीकृत किया गया है। कुछ स्थानों पर न्याय-देवी को सर्प को कुचलते हुए चित्रित किया गया है जो यह प्रदर्शित करता है कि दुराचारियों और भ्रष्टाचार पर अन्ततः न्याय की ही जीत होती है। वहीं दूसरी ओर कुछ प्रतिमाओं में सर्प गायब है। भारतीय न्याय-देवी की नई प्रतिमा में भी सर्प दिखाई नहीं देता है।

न्याय की प्रतिमा के सभी रूपों में तराजू दृष्टिगोचर होती है जो न्याय में निष्पक्षता और न्यायाधीशों द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत सभी साक्ष्यों को परखने के उनके दायित्व का बोध कराती है। न्याय-देवी की प्राचीन प्रतिमाओं में उसकी आंखों पर काली पट्टी नहीं होती थी, आंखों पर काली पट्टी का प्रचलन पहली बार सोलहवीं शताब्दी में शुरू हुआ था। ज़ाहिर तौर पर उस समय काली पट्टी इस बात की प्रतीक थी कि न्याय प्रणाली में कई निर्दोष लोग भी कानून की अज्ञानता और पेचीदगियों के कारण भुक्तभोगी होते हैं।



कालान्तर में काली पट्टी को कानून की निष्पक्षता और कानून के समक्ष सब की बराबरी के रूप में देखा जाने लगा। काली पट्टी इस बात के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गई कि न्याय के सामने राजनीति, धन-दौलत और शोहरत मायने नहीं रखती।

उच्चतम न्यायालय ने गोधरा दंगों की पीड़िता जाहिरा शेख के मामले में वर्ष 2004 में न्याय-देवी की आंखों पर बंधी काली पट्टी की व्याख्या की थी जब जाहिरा तीन बार अदालत के सामने अपने दिये गये बयानों से मुकर गई थी। अदालत ने कहा था कि काली पट्टी केवल एक झीना पर्दा है जिसे उठाकर अदालतों को यह देखना चाहिए कि उनके समक्ष उपस्थित व्यक्ति कौन है और वह कैसे व्यवहार कर रहा है। इस प्रकार भारतीय उच्च न्यायालय ने काली पट्टी को एक पारदर्शी पर्दे की संज्ञा देकर यह साबित किया था कि कानून अंधा नहीं हो सकता और उसमें परिस्थितियों को देखने की क्षमता है।

न्याय-देवी की नई प्रतिमा की आंखों से हटाई गई पट्टी को न्याय-विशेषज्ञों द्वारा एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें न्याय वादियों की हैसियत और धन-दौलत से प्रभावित नहीं होगा। प्रधान न्यायाधीश चन्द्रचूड़ ने भी आंखों पर पट्टी को हटाने को यह कहते हुए उचित ठहराया है कि कानून अंधा नहीं होता है, वह सभी को समान रूप से देखता है।

दूसरी ओर, विभिन्न बुद्धिजीवियों और दार्शनिकों का मानना है कि न्याय-देवी की आंखों से पट्टी को हटा देने और हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की प्रति धारण करवा देने को न्याय की अवधारणा का भारतीयकरण नहीं माना जा सकता, जैसा कि कुछ अति-उत्साही समूहों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। उनका मानना है कि वैदिक तथा पौराणिक मिथकों में शनि देव और यमराज को न्याय के देवता के रूप में प्रतिबिम्बित किया जाता रहा है, शनि देव जीवित व्यक्तियों और यमराज मृतकों के साथ न्याय करते हैं। यदि न्याय-देवी का भारतीयकरण करना ही था तो इन देवताओं में से किसी को भी न्याय का प्रतीक मान लेना ज्यादा उचित होता।

आलोचकों का यह भी तर्क है कि न्याय-देवी के हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की प्रति को थमाना भी युक्तिसंगत नहीं है। परम्परागत रूप से प्रत्येक भारतीय देवी-देवता के शरीर पर कोई न कोई अस्त्र-शस्त्र विभूषित होता है जो यह संदेश देता है कि उनमें दुष्टों के दमन करने की शक्ति भी निहित है। तलवार अदालत के फैसलों को हर हालत में लागू करवाने और बुराइयों के नष्ट करने का प्रतीक है, जबकि संविधान की किताब कानून के महत्व को दर्शाती है। वस्तुतः न्याय अधूरा है जब तक उसे लागू करने के लिए न्याय प्रणाली के हाथ में दमनकारी शक्तियां न हो।

कानून और न्याय दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। ऑल इंडिया जजिज प्रकरण (1992) में जस्टिस कृष्णा अय्यर ने कहा था कि कानून लक्ष्य को प्राप्त करने का एक जरिया होता है और न्याय ही वह लक्ष्य है। इसलिए शस्त्र के बिना न्याय-देवी की प्रतिमा अधूरी ही है क्योंकि इसमें न्यायालय के फैसले को लागू करने वाले दमनकारी अस्त्र-शस्त्र का समावेश नहीं है। वह न्याय अधूरा ही रहेगा जिसे लागू न किया सके।

कुछ मीडिया की रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि न्याय-देवी की नई प्रतिमा न्याय प्रणाली के उपनिवेशवाद से मुक्ति का प्रतीक भी है। यह कथन सही प्रतीत नहीं होता है क्योंकि न्याय की अवधारणा का प्रतिरूपण हजारों वर्ष पुराना है जबकि उपनिवेशवाद उसके बहुत बाद की हकीकत है।

इसलिए, यही सही होगा कि न्याय-देवी की नई प्रतिमा के प्रतीकों में ज्यादा कुछ न पढ़ा जाए, हालांकि कला के रूप में उनके ऐतिहासिक महत्व को नकारा नहीं जा सकता। न्याय प्रतीकों का मोहताज नहीं है, उसके अनेक आयाम और रंग हैं। अदालतों के बाहर न्याय की प्रतीक्षा में घूम रहे लोगों के चेहरों पर पढ़ा जा सकता है और समाज में व्याप्त शान्ति और व्यवस्था ही न्याय का सही निरूपण करते हैं।

-साभारः लेखक हरियाणा के पुलिस महानिदेशक रहे हैं। यह उनके विचार हैं।

# सोयाबीन एवं धान की गुणवत्ता परीक्षण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण किया गया आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मप्र वेअरहाउसिग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन भोपाल के निर्देशानुसार गत दिवस खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में सोयाबीन एवं धान की गुणवत्ता परीक्षण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला कार्यालय नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें नर्मदापुरम जिले के शाखाओं पर कार्यरत शाखा प्रबंधक एवं गुणवत्ता नियंत्रक उपस्थित रहे।प्रशिक्षण में क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजि. कार्पो. नर्मदापुरम अतुल सोरटे, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र ब्रजेश नामदेव, प्रबंधक (गु.नि.) भारतीय खाद्य निगम ललित पाटीदार, प्रबंधक एन.सी.सी.एफ. अनिल एवं जिला उपार्जन समिति नर्मदापुरम के सदस्य जे.आर. हेडाऊ उपसंचालक (कृषि), जिला प्रबंधक सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेघराज यादव, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड देवेन्द्र यादव एवं जिला प्रबंधक म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन नर्मदापुरम वासुदेव दवण्डे ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सोयाबीन उपार्जन में नमी निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला एवं केलीब्रेटेड प्रिन्टिङ वाले नमी मापक यंत्र से ही नमी का आंकलन करने हेतु निर्देश दिये गये। भारत सरकार द्वारा सोयाबीन एवं धान हेतु निर्धारित एफ.एफ.क्यू. मापदण्ड के ऊपर विस्तार से प्रशिक्षण में अवगत कराया गया।

# जिला आबकारी अधिकारी ने किया शाउमा विद्यालय, जमानी का आकस्मिक निरीक्षण




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

गुरूवार को जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा केसला ब्लॉक अंतर्गत संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्?होने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों के अध्यापन की गुणवत्ता, शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्?त की। निरीक्षण के दौरान उन्?होने शिक्षकों की उपस्थिति संतोषजनक पाई, प्रभारी प्राचार्य द्वारा बताया गया कि लगातार किए जा रहे निरीक्षण से सभी शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित हो रहे है। पूर्व में निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा करने पर उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा हेतु स्तरीय किताबों की कमी बताई गई थी। जिसके अनुक्रम में उनकी आवश्यकतानुसार JEE mains, NEET, ND की परीक्षा एवं गणित तथा जीव विज्ञान संकाय की महत्वपूर्ण पुस्तकों को आबकारी विभाग की ओर से छात्रों को प्रदान कर प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने हेतु छात्रों को शुभकामनाएं दी गई।

### खाद्य विभाग की हरदा रोड पर स्थित सुपर मार्केट में छापा मार कार्रवाई

# दुकानों पर खाद्य विभाग का छापा, दुकानों पर मिली एक्सपायरी डेट की सामग्री





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नगर के एक सुपर मार्केट के अलावा मिठाई के गोदामों की जांच की गई। खाद्य विभाग ने हरदा रोड पर स्थित सुपर मार्केट में छापा मार कार्रवाई करते हुए विक्रय किये जा रहे सामनों की जांच की जहाँ बड़ी मात्रा में एक्सपायरी डेट का दैनिक उपयोगी समान मिला जिसे जब्त कर पंचनामा बनाया गया। जिसके बाद टीम साई स्वीट्स के गोदाम पर पहुंची जहाँ से मिठाइयों के सैंपल लिए गए वही उसके बाद टीम राजस्थान मिष्ठान भण्डार के गोदाम पर पहुंची जहाँ निरीक्षण करते हुए जिला खाद्य अधिकारी ने गुणवत्ता स्तर की जांच कर नमूने जब्त किए। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा।खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीतेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान साई सुपर बाजार से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री जब्त कर सैंपल लिए। साई स्वीट्स के बनापुरा की गड्ढा कॉलोनी के गोदाम पर मिठाइयां बनाने का काम किया जा रहा था जहा पर घरेलू गैस का उपयोग हो रहा था वही राजस्थान मिष्ठान भंडार के गोदाम जहाँ मिठाइयाँ बनाई जाती है वहां से मिठाइयों के सैंपल लिए गए है। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच के लिए खाद्य विशेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे, जहां से जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

वही नायब तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर ने बताया की जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में दीपवाली पर्व के चलते मिठाई दुकानों तथा साई सुपर बाजार में कार्रवाई की गई है तथा खाद्य पदार्थो के सैंपल भी लिए गए है कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानों को अपने यहां साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।इधर खाद्य विभाग की दिनभर चलीकरवाई सूचना मिलते कई दुकानदार सचेत हो गए जिन्होंने सावधानी में ही अपनीसुरक्षा समझी और आनंद-खनन में अपनी अपनी दुकानों का एक्सपायरी डेट का सामान समेटने लगे तो दूसरी ओर मावा विक्रेता भी सचेत और सावधान हो गए शाम तक चली छापा मार कार्यवाही में कई मिलावट खोर भूमिगत भी हो गए।

### वार्ड 6 का नाम अब महर्षि वाल्मीकि नगर

# महर्षि वाल्मीकि नगर और बंगलिया को जोड़ने के लिए बनेगी पुलिया

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

वार्ड क्रमांक 06 महर्षि वाल्मीकि नगर (क्षेत्र का नया नाम) इटारसी के नागरिकों ने स्थानीय पार्षद जिमी कैथवास और युवा भाजपा नेता शुभम किशोर डब्बू मैना के साथ मिलकर क्षेत्र के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के प्रति रोड और नाली निर्माण कराने के लिए धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। यहां लगभग 25 वर्षों से नई रोड व नाली बनी थी। इस अवसर पर धन्यवाद व आभार सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की सैकडों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजकों व क्षेत्र के युवाओं की मांग पर क्षेत्र के जातिगत नाम को बदलने की मांग पर तत्काल ही सहर्ष मानते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने घोषणा की कि क्षेत्र आज से ही रामायण के रचियता महर्षि श्री वाल्मीकि के नाम से महर्षि वाल्मीकि नगर के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे से कहा कि वे नगरपालिका परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित करते हुए शासकीय दस्तावेजों में भी यह नाम कराए। इस अवसर पर डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बंगलिया और महर्षि वाल्मीकि नगर को जोडने के लिए नाले पर पुलिया निर्माण की घोषणा भी की। वहीं प्रजापति मोहल्ला में पेयजल की समस्या को हल करने का आश्वासन भी दिया।

विधायक शर्मा ने कहा कि जो पहले हो चुका उसे भूल जाएं, अब यहां भय और दबाव की राजनीति नहीं होगी। सकारात्मक कार्य होंगे, विकास के कार्य मिलजुलकर आप सभी के पूछकर किए जाएंगे। जब भी जैसा भी आदेश आप लोग करेंगे, वह पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, स्थानीय पार्षद जिमी कैथवास, कार्यक्रम संयोजक व आयोजक शुभम किशोर डब्बू मैना, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, मंडल अध्यक्ष मंयक मेहतो, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

#### महिलाओं ने किया तिलक लगाकर स्वागत-

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पहले क्षेत्र की महिलाओं ने विधायक डॉ शर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद जिमी कैथवास का तिलक लगाकर स्वागत किया। यहां एक वेलकम रंगोली भी बनाई गई थी। पुष्प वर्षा करते हुए सभी का स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर एक बडी माला पहनाकर विधायक व नपाध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रेषित किया गया।

### परामर्शदात्री की बैठक सम्पन्न

# अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश देहलवार की अध्यक्षता मे परामर्शदात्री की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक मे विभिन्न कर्मचारी संघो संयुक्त मोर्चा संघ, म. प्र. राज्य कर्मचारी संघ, म प्र राजस्व कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, वाहन चालक संघ, लघु वेतन कर्मचारी संघ, न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, संविदा कर्मचारी संघ, शिक्षक संघ के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक मे संयुक्त मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंजू नरोलिया, म प्र राज्य कर्मचारी संघ के सम्भागीय अध्यक्ष राजेश चौरे द्वारा बिंदुवार कर्मचारियों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गयाऔर कहा तत्काल समस्या के निराकरण हेतु कमेटी गठित करे साथ ही ब्लॉक लेबल पर भी समस्या को हल करने की बात रखी। कर्मचारियो के टीए का भुगतान शीघ्र हो, सार्थक एप से होने वाली परेशानियों को दूर करे ! सभी कर्मचारीयों का समयमान वेतनमान समय से लगाया जाए और समय पर एरियर्स का भुगतान होवे, महिला स्वास्थ्य कर्मचारीयों को ओनलाइन कार्य हेतु नये तकनीक वाले टेबलेट जल्दी दिये जाए।आउट सोर्स वाले कर्मचारीयो का वेतन नियमित रूप से दिया जाए, ~~हक्क~~ कर्मचारीयो के वेतन कटोत्रा उनके खाते मे जमा किये जाए एवम अन्य, 21 बिन्दुओं का ज्ञापन पत्र पर मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देहलवार जी, डी एच ओ डॉ आर. के. वर्मा सर, डी एम ओ अरुण श्रीवास्तव सर से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। बैठक मे संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नरोलिया, म प्र राज्य कर्मचारी संघ सम्भागीय अध्यक्ष राजेश चौरे , उपाध्यक्ष अनामिका वर्मा, रवि शंकर दुबे, पुरुषोत्तम राजपूत, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष दिनेश हाँडा ,, सुंदर नारायण शर्मा, सतीश पटेल,अमित परसाई, प्रवीण पटेल,शैलेंद्र तोमर, विशेष दुबे, शिवम पाण्डे, मधुर शर्मा , केवलराम संतोरे वाहन यांत्रिकी संघ जिला अध्यक्ष , गणेशी प्रसाद चौरे लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा जल्दी ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया है।

# डायबिटीज व हाइपरटेंशन का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**नर्मदापुरम।** जिले में डायबिटीज व हाइपरटेंशन के दिन प्रतिदिन मरीज बढ़ते जा रहे हैं। जिनकी रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र भोपाल के निर्देशानुसार 21 से 24 अक्टूबर तक जिले में सीएचसी, पीएचसी में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर, समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, मेंटर व अन्य स्टॉफ को एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण होटल वल्लभ भोग नर्मदापुरम में राज्य स्तर से डॉ नमिता नीलकंठ उप संचालक, डॉ अभिनव कांडिया स्टेट कंसल्टेंट, डॉ दिनेश देहलवार सीएमएचओ, डॉ सौरभ जैन जिला नोडल, डॉ सतीश तिवारी, देव नारायण खापरे जिला एनसीडी प्रशिक्षक एवं स्टेट एनसीडी सेल द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग संबंधी पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें स्क्रीन किए गए मरीजों की जानकारी दर्ज करना बताया गया। शहर एवं ग्रामों में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा 30 वर्ष से अधिक के लोगों का सी बैक फॉर्म भरा जाता है जिसमे उनकी शुगर बीपी की रिपोर्ट दर्ज होती है।

# कृषि विपणन योजना के पुरस्कार वितरित बंपर ड्रॉ इटारसी के किसान को मिला



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

इस वर्ष का कृषि विपणन योजना का प्रथम पुरस्कार बलराम जयंती के उपलक्ष्य में बंपर ड्रॉ के तौर पर कृषि उपज मंडी परिसर में हुआ। इसमें बंपर ड्रॉ का पुरस्कार एक 35 एचपी का ट्रैक्टर खेड़ा इटारसी के निवासी महेश पिता ठकरी के नाम खुला। कृषक विपणन योजना में कुल 11 पुरस्कार थे। प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय दो पुरस्कार 15-15 हजार, तृतीय तीन पुरस्कार 11-11 हजार, चतुर्थ चार पुरस्कार पांच-पांच हजार रुपए के थे। कृषि उपज मंडी समिति इटारसी द्वारा 01 अगस्त से 31 जनवरी एवं 01 फरवरी 2024 से 31 जुलाई 2024 तक जारी भुगतान पत्रकों (कूपन) का ड्रा श्री बलराम जयंती के उपलक्ष्य में आज खोला गया। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने अध्यक्षता की। विधायक सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि थे।

**मेट्रो एंकर**

### एकलव्य विद्यालय की जोन स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धाएं संपन्न हुईं

# गीत, संगीत और नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत है, इसे संरक्षित रखना जरूरी है



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की पाँचवी नर्मदापुरम जोन स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धाऐं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला (भरगदा) के ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। इस आयोजन में नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, भोपाल, गुना, श्योपुर, रतलाम, छिंदवाड़ा जिलों के कुल 12 विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। देश भक्ति समूह गायन में गुना, आदिवासी समूह नृत्य में हर्रई, सेमी क्लासिकल एकल गायन हर्रई, जनजातीय बाद्य यंत्र में तामियाॅ, क्लासिकल सोलो गायन में केसला, आदिवासी सोलो गायन में केसला, जनजातीय सोलो गायन में बुधनी, लोक समूह गायन में सिंगारदीप, आदिवासी समूह गायन में भोपाल, देशभक्ति ग्रुप में भोपाल, समूह जनजातीय आर्केस्ट्रा में हर्रई, क्षेत्रीय समूह नृत्य में सिंगारदीप, क्लासिकल सोलो में भैंसदेही, जनजातीय क्षेत्रीय नृत्य में केसला, ईएमआरएस के प्रतिभागी विजेता बने। एकलव्य विद्यालयों के शिक्षक के लिए सेमी क्लासिकल गायन में शाहपुर के साधवी पाटिल, क्लासिकल गायन में रहटगॉव के स्वाती व्यास तथा बाद्य यंत्र स्पर्धा में केसला के हितकिशोर गौर विजेता बने। निर्णायकों की भूमिका में सज्जन लोहिया, श्रीमती अनिता राठौर, चन्द्रेश मालवीय, मानस दुबे, संजय कुमार परसाई, कमल किशोर झा, आनंद कुमार नामदेव, संगीता शर्मा, अखिल कुमार यादव, नीलू यादव ने निभाई।

नर्मदापुरम जोन के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा जिसमें राज्य के अन्य जोन इंदौर, जबलपुर, शहडोल के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।प्रतिभागियों को संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जे.पी. यादव द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गीत, संगीत और नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत है इसे संजोये रखने तथा परिष्कृत करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। गीत, संगीत और नृत्य जोश, जूनून और उर्जा पैदा करने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन के बेहतर साधन है। हर व्यक्ति को जिन्दगी में कोई न कोई रचनात्मक शौक रखना जरूरी है, इससे जिन्दगी आसान लगने लगती है। श्री यादव ने कहा कि शौक जिन्दा है तो आदमी जिन्दा लगता है।

उक्त आयोजन को विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीनू नागर के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने समर्पण एवं मेहनत से सफल बनाया। संभागीय उपायुक्त द्वारा इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

कार्यक्रम में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा मौर्य तथा केसला थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार संस्था की प्राचार्य श्रीमती मीनू नागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन सचिन तिवारी तथा वैभव गुप्ता ने किया।

### 50 उपार्जन केंद्र बनाए गए

# 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक सोयाबीन फसल का उपार्जन किया जाएगा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा खरीफ उपार्जन वर्ष 2024 विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 30024 पंजीकृत किसानों की सोयाबीन फसल का उपार्जन 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। जिसके लिये जिला स्तरीय समिति के द्वारा किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये तहसीलवार 50 उपार्जन केन्द्र निर्धारित गये है जिनमें तहसील विदिशा 05, बासौदा 07, त्योंदा 02, ग्यारसपुर 02, गुलाबगंज 02, कुरवाई 05, पठारी 02, नटेरन 06, शमशाबाद 05, सिरोंज 09 एवं लटेरी 05 इस प्रकार कुल 50 उपार्जन केन्द्रों पर सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उपार्जन हेतु निर्धारित किये गये केन्द्रों के समस्त समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारिता अधिकारी एवं विपणन अधिकारियों को एफएक्यू संबंधी एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में नाफेड के अधिकारी एवं जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। शासन द्वारा सोयाबीन फसल के एफएक्यू के तहत विजातीय पदार्थ एवं असुधियॉ . 2 प्रतिशतए सिकुडी हुई, अपरिपक्व फलियॉ और फीका पडा हुआ - 5 प्रतिशत क्षतिग्रस्त एवं घुनयुक्त फलियॉ - 3 प्रतिशतए हार्वेस्टर मशीन से छतिग्रस्त फलियॉ (विजाजित, टूटी और फटी हुई) 15 प्रतिशत,नमी की मात्रा 12 प्रतिशत है। कृषक भाईयों से अपील की गई है कि शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू मानक अनुसार ही उपज की तौल कराने हेतु स्लॉट बुक कराएं।

### बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य करने को मजबूर विद्युत श्रमिक

# न विद्युत विभाग, न ठेकेदार, फिर श्रमिकों की सुरक्षा में चूक का कौन जिम्मेदार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



विधुत विभाग और विद्युत विभाग के ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों के हितों को किस तरह ठेंगा दिखाया है और किस तरह मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण गरेठा सब स्टेशन के लिए काम करने वाले मजदूरों के इस तस्वीर को देखकर लगाया जा सकता है। जिसमे मजदूर बिना हेलमेट और बिना झूला के खंभों पर चढ़कर अपनी जान जोखिम में डाल कर काम कर रहे हैं। सब स्टेशन से फीडर के लिए विभाग की ओर से लाइन शिफ्टिंग काम का टेंडर के माध्यम से ओम साइन नाम की फर्म को दिया गया है जो कि विदिशा की बताई जा रही है यह प्राइवेट कंपनी के काम में लगे कर्मचारियों व मजदूरों की सुरक्षा की खुलकर अनदेखी की जा रही है। प्राइवेट ठेकेदारों की लापरवाही और अनदेखी में विधुत विभाग मौन रहकर मजदूरों की जिंदगी को जोखम में डालने पर अपना पल्ला झाड़ रहा है।

बिना सुरक्षा उपकरणों से होने वाली घटनाओं से विद्युत विभाग नहीं ले रहा कोई सीख विधुत विभाग एंव विभाग के ठेकेदारों द्वारा मजदूर के साथ होने वाली घटनाओं से पल्ला झाड़ लेना कोई बड़ी बात नहीं है आमतौर पर बिजली से जुड़े अमिकों को सुरक्षा इतंजाम में बिजली रोधी ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट, जूते, पीवीसी टोपी आदि सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से दिए जाने चाहिए। साथ ही पोल लगाने और लाइन शिफ्टिंग के कार्य में सुरक्षा उपकरणों के साथ ही काम होना चाहिए। विधुत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का विद्युत ठेकेदार जमकर लाभ उठा रहे हैं। कार्य कर रहे मजदूरों को न सेफ्टी बेल्ट दिए जाते हैं, न ग्लब्स और न ही अन्य सुरक्षा उपकरण खुले हाथों से रस्सी के सहारे पोल पर चढ़े मजदूर तार को बांधते हैं। पोल पर चढ़े मजदूर जमीन से करीब 30 से 50 फीट ऊपर बिना सहारे के काम कर रहे हैं तो वहीं इन्हें देखने वाला कोई भी जर्म्मोदिार अधिकारी इन पर नजर नहीं रख रहा है। इस बीच यदि ये मजदूर भूल बस नीचे गिर जाएं, तब इन्हें शारीरिक अपंगता के साथ उनकी जान जाने का खतरा भी होता है। जिसकी जिम्मेदारी ना ही विद्युत विभाग और ना ही विद्युत ठेकेदार लेता।

### कृषि और ग्रामीण मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

विद्युत विभाग में ठेकेदारों के साथ काम करने वाले मजदूरो के सुरक्षा इंतजामों को लेकर एसडीम हर्षल चौधरी के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ ने प्रमुख मांग कि जिसमें विद्युत कार्य में लगे श्रमिकों को हेलमेट बेल्ट झूला आदि सुरक्षा उपकरण ठेकेदारों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएं कोई भी घटना दुर्घटना होने पर विद्युत विभाग एवं संबंधित ठेकेदारों की सुरक्षा में चूक की जिम्मेदारी तय करते हुए श्रमिकों के हित में न्यायोचित कार्रवाई की जाए।

### विद्युत विभाग के अधिकारियों के गैर जिम्मेदारना बयान

विद्युत विभाग के आला अधिकारियों को गरेठा सबस्टेशन में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा उपकरणों के इंतजाम और श्रमिक सुरक्षा की मापदंडों के बारे में पूछा गया तो उन्होने तब सिरोंज में पदस्थ विभाग के जे ई श्री पवार ने काम कर रही फर्म पर सारी जिम्मेदारी डालकर विभाग से कोई लेना देना नहीं कहा। इसके बाद जब विधुत विभाग के एस ई अंकुर सेठ से स्वतंत्र समय ने इस विषय पर जानकारी दी। तब इन्होंने भी ठेकेदार का नंबर देकर उससे बात करे आप, इतना कह कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली।

# होटल और रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करने पर सिलेंडर जप्त करने की कार्रवाई



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा जिले में संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों का परिपालन में आज शमशाबाद क्षेत्र में तहसीलदार श्री दर्शन लाल नेगी एवं फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर श्रीमती एडलिन ई पन्ना के द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से गैस सिलेण्डर जप्त करने की कार्रवाई की गई है। शमशाबाद के महानीम चौराहा स्थित जिन चार होटल एवं रेस्टोरेंट पर जांच निरीक्षण व घरेलू गैस सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही की गई है उनमें महानीम चौराहा स्थित महाकाल होटल में 02 घरेलू गैस सिलेण्डर रखे पाये गए थे एक घरेलू गैस सिलेण्डर भट्टी के साथ संलग्न था और एक खाली पाया गया। मौके पर प्रकरण बनाया जाकर 02 गैस सिलेण्डर की जप्ती की गई। श्री श्याम नास्ता भण्डार की जांच में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किये जाने पर 04 घरेलू गैस सिलेण्डर रखे पाये गए जिनमें 02 भट्टी से संलग्न तथा दो खाली पाए गए मौके पर प्रकरण बनाया गया चार गैस सिलेण्डर की जप्ती की गई। इसके अलावा रिषा रेस्टेरोन्ट एवं स्वीट और साहू रेस्टोरेन्ट की जांच में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। जिनके विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की गई है साथ ही ग्राम रमपुरा जागीर में दुकान की जांच कर एक्सपायरी डेट के पैकेट पाये जाने पर नष्ट करवाया गया तथा खाद्य सामग्री का सैंपल एकत्रित कर जांच हेतु भेजा गया है जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## डायवर्सन राशि जमा ना करने पर सील करने की कार्यवाही

**सिरोंज।** विदिशा बासौदा तहसीलदार श्री संदीप जायसवाल ने बताया कि ग्राम गमाखर में स्वास्तिक वेयर हाउस के स्वामित्व को डायवर्सन की बकाया राशि चार लाख 82 हजार 140 रूपए जमा कराने हेतु कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से सूचित किया गया। इसके बावजूद बकाया डायवर्सन शुल्क जमा नहीं कराने पर 28 सितम्बर को अंतिम सूचना पत्र तामिल कराया गया एवं मोबाइल पर व्यक्तिगत सम्पर्क किया गया है इसके बावजूद बकाया राशि जमा ना करने पर गुरूवार 24 अक्टूबर को स्वास्तिक वेयर हाउस का धर्मकांटा और मुख्य गेट सील किया जाकर वेयर हाउस चौकीदार को सुरक्षा हेतु सुपुर्दगी दी गई है।

## पटाखा व्यवसायियों की जांच पड़ताल

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्देश दिए है कि जिले में कहीं भी अवैध पटाखो का संग्रह विक्रय ना हो कि सघन जांच कर आवश्यक कार्यवाहियां संपादित करें। कलेक्टर के निर्देशो के अनुपालन में राजस्व अधिकारियों के द्वारा पदस्थापना क्षेत्रो में सघन जांच पड़ताल की जा रही है। विदिशा शहरी तहसीलदार डॉ अमित सिंह ने बताया कि गुरूवार को विदिशा मुख्य बाजार में दुकानो पर अवैध रूप से बेचे जा रहे पटाखो एवं अवैध अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई वही पटाखो की दुकानो को सील किया गया है। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार श्री आकाश मंहत के अलावा नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी साथ मौजूद रहें। इसी प्रकार बासौदा में भी पटाखा गोदाम मूडरा का पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर भण्डारित क्षमता के दस्तावेंजो का आकलन किया गया है। बासौदा एसडीएम श्री विजय राय ने बताया कि स्टॉक पंजी और भण्डारण में कोई अंतर नहीं पाया गया है उपरोक्त प्रक्रिया के दौरान बासौदा के सीएसपी समेत अन्य विभागो के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# लटेरी जनपद की पंचायतों में सरपंच सचिवों पर भ्रष्टाचार के आरोप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




जनपद की ग्राम पंचायतों में सरपंच सचिवों द्वारा भ्रष्टाचार के नए आयाम लिखे जा रहे हैं। कई बार ग्राम वासियों द्वारा सचिव सरपंच के भ्रष्टाचारों की शिकायत भी की जाती है, लेकिन कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते इन शिकायतों पर कार्यवाही नहीं की जाती है, ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत मुंडेला का है। जहां पर वर्तमान उपसरपंच संतोष कुमार और ग्राम वासियों द्वारा सरपंच रामकुंवर बाई गुर्जर सचिव रघुबीर सिंह यादव के भ्रष्टाचारों की शिकायत जनपद सीईओ से लेकर कलेक्टर तक की गई है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर ग्राम वासियों को निराशा ही हाथ लगी है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए 15वें वित्त के नाम से राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस राशि को खर्च करने की गाइडलाइन भी सरकार द्वारा जारी की जाती है। लेकिन ग्राम पंचायत मुंडेला में सरपंच राम कंवर बाई और सचिव रघुबीर सिंह यादव ने सरकारी गाइड लाइन को साइड लाइन कर इस राशि का दुरुपयोग किया गया है। 15 वें वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, ग्राम पंचायतों को साफ पानी और स्वच्छता के लिए राशि जारी की गई है। इस राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा पेयजल और स्वच्छता पर खर्च किया जा सकता है. बाकी 50 प्रतिशत राशि से गांव में इन कामों को किया जा सकता है।

### पुराने कार्यों को नया बता कर निकाली जा रही राशि

ग्राम पंचायत मंडेला में सरकार की महत्वपूर्ण योजना से निर्मित अमृत सरोवर भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। सरपंच राम कंवर बाई और सचिव रघुबीर सिंह यादव द्वारा पुराने तालाब को जनपद उपयंत्रियों की मदद से नया बता कर सम्पूर्ण राशि का आहरण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत में ग्रेवियन स्ट्रक्चर और खेत तालाब भी मौजूद नहीं है। खेत तालाब और ग्रेबियन स्ट्रक्चर के नाम पर फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा फर्जी जॉब कार्ड चला कर मनरेगा के कार्य मशीन से किए जा रहे है। मनरेगा योजना ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब वर्ग को रोजगार देने के लिए शुरू की गई है, लेकिन यहां पर मजदूरी की तलाश में कई परिवार पलायन को मजबूर है उनको यहां पर रोजगार नहीं मिल पा रहा है।



# जीनियस प्लेनेट के कराते खिलाड़ियों ने जीता मेडल

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

विगत दिनों जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीनियस प्लेनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटारसी के छात्र मोहम्मद अरमान सिद्दीकी, हर्ष नितिन यादव एवं विनय नोरिया का चयन हुआ जो की 19 से 21 अक्टूबर को जयपुर राजस्थान में खेली गई द्य जिसमें तीनों ही छात्रों में इस प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त किया द्य मोहम्मद अरमान सिद्दीकी ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया, हर्ष नितिन यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया, विनय नोरिया ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

कराटे कोच रवि साहू ने बताया की इस प्रतियोगिता के बाद जो भी खिलाड़ी पदक प्राप्त करता है तो उसे नगद राशि भी दी जाती है

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन किया जाएगा इस खुशी के अवसर पर जीनियस प्लेनेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दीकी, श्रीमती मनीता सिद्दीकी , प्राचार्य विशाल शुक्ला एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दस हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना कोतवाली में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 579/24 के फरार आरोपी भूपेन्द्र पुत्र जसराम अहिरवार उम्र 22 साल निवासी ग्राम सूरीकला जिला ललितपुर (उप्र), रोहित पुत्र केहर सिंह परमार उम्र 24 साल निवासी ग्राम ककरेला जिला ललितपुर (उप्र), राहुल चन्देल चिडार पुत्र धनीराम चिडार उम्र 21 साल निवासी ग्राम कुडीला जिला टीकमगढ, दीपक पुत्र हरदयाल कुशवाह उम्र 19 साल निवासी ग्राम चंदपुरा जिला निवाडी, जुगल पुत्र मनोहर केवट उम्र 19 साल निवासी गयाजीतपुरा जिला टीकमगढ तथा अर्जुनपाल पुत्र दलूपाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पडावर जिला टीकमगढ की सूचना देने वाले को दस हजार रुपए का नगद इनाम घोषित।

**मेट्रो एंकर**

### कम वर्षा के कारण के केथन डैम से 1800 हेक्टेयर जमीन में हो सकेगी सिंचाई

# सिंचाई के लिए एक बार मिलेगा पानी, नहरों की सफाई शुरू

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



क्षेत्र के 8 गांवों की करीब 1800 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए इस बार केथन बांध से नहर के माध्यम से रबी की फसल के लिए एक पानी मिल सकेगा। जिससे इस क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। नगर पालिका और सिंचाई विभाग की संयुक्त बैठक के बाद इस बारे में निर्णय लिया गया है, क्योंकि विगत वर्ष कम वर्षा के कारण शहर के लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ा था। कई वार्डों में जहां 2 से तीन दिन में पानी की सप्लाई हुई थी तो कई वार्डो में चार दिन तक लग गए थे, लेकिन इस बार नगर पालिका प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय हुआ है कि शहर के लिए उपयुक्त पानी डैम में रखा जाएगा। उससे अधिक पानी ही नहर के माध्यम से छोड़ा जाएगा। जिसके बाद अब सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने केथन बांध की नहर की साफ सफाई का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया है। सिंचाई विभाग के एसई आरपी शर्मा ने बताया कि केथन बांध की नहर से इस बार रबी की फसल के लिए एक पानी देने का निर्णय किया गया है। बांध की नहर में 10 से 15 नवंबर के बीच पानी छोड़े जाने की योजना है, जिससे बांध की नहर से जुड़े 8 गांव की जमीन की सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। जिससे करीब 1800 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी।

जानकारी के अनुसार यदि पर्याप्त वर्षा होती है, तो केथन डैम के माध्यम से करीब 3200 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाती। लेकिन इस बार कम वर्षा के कारण करीब 1800 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए ही एक पानी नहर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेगा। जिससे नहर के टेल क्षेत्र में किसानों को भूमि की सिंचाई के लिए पानी मिलने की संभावना कुछ कम ही दिखाई देती है। फिलहाल नहर की साफ सफाई कराई जा रही है। बुधवार को भी बगरोदा के आसपास के क्षेत्र में नहर की साफ-सफाई का कार्य जेसीबी एवं मजदूरों के माध्यम से कराया गया है।नहर से जुड़े किसानों को होगा फायदा कृषक वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि नहर से पानी मिलने से किसानों को काफी लाभ हो सकेगा। क्योंकि नहर से रवि की फसल के लिए एक पानी भी मिलने से किसानों को कुछ राहत जरूर मिल जाएगी।

### पानी की कमी से पिछले साल बांध की नहर से नहीं मिला पानी

बीते साल केथन बांध में पानी की काफी कमी होने से नहर से किसानों को पानी नहीं मिल सका था, तथा केथन बांध में पानी को शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए रखा गया था। पिछले साल केथन बांध की नहर से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न होने से किसानों को काफी परेशान होना पड़ा था। वहीं कई किसानों ने पानी की कमी होने से फसल भी खराब हो गई थी, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ था। वही इस बार केथन बांध की नहर से रवि की फसल के लिए एक पानी छोड़े जाने से इस नहर से जुड़े किसानों को कुछ राहत जरूर मिली हैं।

### 1800 हेक्टेयर भूमि की हो सकेगी सिंचाई

सिंचाई विभाग के एसई आरपी शर्मा ने बताया कि सिरोंज के केथन बांध में फिलहाल 10-733 एमसीएम पानी हैं, तथा शहर में केथन बांध से नगरपालिका को वाटर सप्लाई के लिए 5-24 एमसीएम पानी की जरूरत है। जिससे शहर में पेयजल की आपति हो सकेगी। जिसके बाद गत दिनों विदिशा में हुई बैठक के बाद सिरोंज क्षेत्र के केथन बांध की नहर से जुड़े किसान को रवि की फसल के लिए एक पानी देने का निर्णय लिया गया। नपा प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक एवं कलेक्टर सर की मौजूदगी में बैठक हुई थी। जिसमें हमारे द्वारा 5-24 एमसीएम पानी की डिमांड रखी गई है। जल संसाधन विभाग उस आधार पर डैम में पर्याप्त पानी संरक्षित रखेगा। जिससे शहर के नागरिकों को इस बार पानी की समस्या नहीं होगी। पहले फसल बोई है, उनको एक पानी मिल जायेगा, तो वहीं कुछ किसानों का पलेवा हो जाएगा, जिससे फसलो की बोवनी कर सकेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि लगातार जलस्तर गिरता जा रहा जिसके कारण बोरवेल एवं -अन्य माध्यमों से होने वाली पानी की पूर्ति में किसानों समस्या आ रही है।

# अवकाश दिवसों में भी खुली रहेगी राशन दुकाने

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के राशन कार्ड व पात्रता पर्ची धारको को शासकीय उचित मूल्य दुकानो से राशन प्राप्ति में किसी भी प्रकार के व्यवधान ना हो को ध्यानगत रखते हुए भण्डारण व उठाव के कार्य समय सीमा में पूरे कराए जा रहे है। इसके अलावा दीपावली त्यौहार को ध्यानगत रखते हुए अवकाश दिवसो में भी जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकाने खुली रखकर पात्रताधारको को नियमानुसार राशन का वितरण यथावत जारी रखने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर श्री सिह के द्वारा दिए गए निर्देशो का हवाला देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र परिवारो को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न के लिए एक से 31 तारीख तक परिवारो को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। अक्टूबर माह में दीपावली त्यौहार के दरम्यिान जो शासकीय अवकाश रहेगे उन अवकाशो में भी उचित मूल्य दुकानो से राशन प्रदाय का कार्य किया जाएगा। ततसंबंध में सभी एसडीएमो को भी वितरण प्रणाली की समीक्षा कर जारी निर्देशो के पालन कराने हेतु अपेक्षित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती साहू ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शहरी क्षेत्र में 72 व ग्रामीण क्षेत्रो में 580 इस प्रकार कुल 652 दुकाने संचालित की जा रही हैं इन दुकानो से पात्रता परिवारो का निःशुल्क खाद्यान्न गेंहू चावल का वितरण किया जाता है।

### इमर्जिंग एशिया कप: भारतीय टीम अजेय, अफगान ने 3 में से 2 मैच जीते

# अफगानिस्तान-ए और इंडिया-ए का सेमीफाइनल मैच आज होगा

**मस्कट. एजेंसी**

पहला सेमीफाइनल मैच श्रीलंका-ए और पाकिस्तान-ए के बीच होगा। यह मुकाबला अल अमीरात में ही खेला जाएगा। भारत ग्रुप-बी में टॉप पर रहा इंडिया-ए ने ग्रुप स्टेज में खेले गए अपने सभी तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाया है। भारत के ग्रुप में पाकिस्तान की टीम थी जिसने 3 में से 2 मैच जीतकर चार अंकों के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अफगानिस्तान ने 3 में से 2 मैच जीते ग्रुप-ए से श्रीलंका ने 3 में से दो मैच जीते वहीं अफगानिस्तान ने भी 2 मुकाबले जीते। बेहतर नेट रनरेट के आधार पर श्रीलंका अपने ग्रुप में टॉप पर रहा जबकि अफगानिस्तान की टीम दूसरे नंबर पर रही। अभिषेक भारत के टॉप स्कोरर भारत के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट में टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 127 रन बनाए हैं। इसमें एक फिफ्टी शामिल है। रसिख सलाम टीम के टॉप विकेटटेकर हैं। उन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट लिए हैं। सेदिकुल्लाह ने तीनों मैचों में फिफ्टी लगाई अफगानिस्तान के ओपनर



सेदिकुल्लाह अटल इस इमर्जिंग एशिया कप में टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज के सभी तीनों मैचों में अर्धशतक लगाया। उनके नाम । मैचों में 230 रव हैं। इसमें नाबाद 95 उनका हाईएस्ट है।अब्दुल रहमान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए हैं।

पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते ष्ट्ट मेंस इमर्जिंग एशिया कप का यह छठा सीजन है। इस बार छह टीमों ने हिस्सा लिया। ग्रुप-ए में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग थे। वहीं ग्रुप-बी में भारत, पाकिस्तान, ओमान और् श्व शामिल थे। पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते हैं। वहीं भारत ने एक बार जीता है। भारत ने 2013 में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। सेमीफाइनल मुकाबले को टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**दोनों टीमों: इंडिया-ए**

तिलक वर्मा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, अंशुल कंबोज, आयुष बडोनी, आकिब खान, नेहाल वधेरा, निशांत सिंधु, राहुल चाहर, रसिख दार सलाम और वैभव अरोड़ा।

**अफगानिस्तान-ए:** अब्दुल रहमान, बिलाल समी, दरविश रसूदी, फरीदुन दवुदजाई, गजनफर, करीम जनत, मोहम्मद इशाक, नंगेयलिया खरोटे, नुमान शाहा, क्यूस अहमद, सीदिकुल्लाह अतल, शाहिदुल्लाह, शैरफ्लुदिन अशरफ, वफिउल्लाह तरखिल, जुबैद अकबारी।

### डब्ल्यूटीसी के टॉप विकेट टेकर बने; सुंदर ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

# अश्विन ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एक्टिव बॉलर बने



**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत-न्यूजीलैंड दूसरे टेस्ट का पहला दिन भारतीय स्पिनर्स के नाम रहा। पुणे टेस्ट में न्यूजीलैंड की पहली पारी में सभी 10 विकेट स्पिनर्स ने लिए। 3 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 7 विकेट झटके। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए। सुंदर का यह बेस्ट बॉलिंग फिगर है। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एक्टिव बॉलर बन गए। अश्विन ने नाथन लायन को पीछे छोड़ा भारतीय स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 3 विकेट लिए। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले एक्टिव प्लेयर बन गए हैं। उनके नाम अब टेस्ट में 531 विकेट दर्ज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ा। टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उनके नाम 800 विकेट हैं।

### 39 मैचों में 189 विकेट लिए

अश्विन ने डब्ल्यूटीसी में 189 विकेट लिए रविचंद्रन अश्विन पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पहली पारी में 3 विकेट लिए। इन तीन विकेट के साथ उन्होंने 2019 से 2024 तक डब्ल्यूटीसी में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं।

### सुंदर 5 बैटर्स को बोल्ड करने वाले 5वें बॉलर बने

वहीं सुंदर एक पारी में सबसे ज्यादा बैटर्स को बोल्ड करने वाले 5वें भारतीय वॉशिंगटन सुंदर एक टेस्ट की एक पारी में 5 बैटर्स को बोल्ड करने वाले 5वें भारतीय बॉलर बने। उन्होंने पुणे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया। इसमें रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल, मिचेल सैंटनर, टिम साउदी और एजाज पटेल का नाम शामिल है। सुंदर ने पहली पारी में 7 विकेट झटके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे टेस्ट में कुलदीप यादव की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया।

# भारत-न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट- टीम इंडिया का 7वां विकेट गिरा, अश्विन 4 रन बनाकर आउट, सैंटनर को चौथा विकेट



**पुणे. एजेंसी**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मुकाबले का दूसरा दिन है। लंच ब्रेक तक भारत ने पहली पारी में 7 विकेट पर 107 रन बनाए हैं। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद हैं। रविचंद्रन अश्विन 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल सैंटनर ने एलबीडब्ल्यू किया। उन्होंने सरफराज खान (11 रन), विराट कोहली (एक रन) और शुभमन गिल (30 रन) को भी पवेलियन भेजा। ग्लेन फिलिप्स ने ऋषभ पंत (18 रन) और यशस्वी जायसवाल (30 रन) के विकेट झटके। गुरुवार को रोहित शर्मा शून्य पर आउट हुए। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया था। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड पहली पारी में 259 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन का पहला सेशन न्यूजीलैंड के स्पिनर्स के नाम रहा। शुक्रवार को मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने मिलकर 6 विकेट झटके। इनमें से 4 विकेट सैंटनर और 2 विकेट फिलिप्स को मिले।



## मेट्रो बाजार

# त्योहारी मांग से 81,000 पार पहुंचा सोना, 45 साल का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली. एजेंसी**

सोने का गोल्डन रिटर्न जारी है। ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमतें पहली बार 2,750 डॉलर प्रति औंस के ऊपर चली गई। घरेलू मार्केट में भी सोना फिलहाल नए ऑल-टाइम हाई पर है। फ्यूचर मार्केट यानी एमसीएक्स पर कीमतें 78,919 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई है। स्पॉट मार्केट यानी हाजिर बाजार में भी सोना नए ऑल-टाइम हाई पर है। आइबीजेए के मुताबिक स्पॉट



मार्केट में सोना 78,703 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया, इसमें 3 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद खरीद भाव 81,064 रुपए हो गया है। आइबीजेए की कीमतें पूरे देश में सोने का औसत भाव होता है। गोल्ड का इस साल का रिटर्न पिछले 45 साल में सबसे बेहतर रहा। ग्लोबल मार्केट में गोल्ड की कीमतों में इस साल 33 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। कीमतों में इससे पहले 33 फीसदी से ज्यादा की तेजी वर्ष 1979 में दर्ज की गई थी। एमसीएक्स पर सोना 25 जुलाई, 2024 के निचले स्तर से 17 फीसदी यानी 11,519 रुपए प्रति 10 ग्राम चढ़ चुका है। इससे पहले 23 जुलाई को आम बजट में गोल्ड की इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती किए जाने के बाद सोने की कीमतों में 7,000 रुपए की गिरावट आई थी और यह 67,400 रुपए तक आ गई थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत पहली बार 2,750 डॉलर प्रति औंस के पार 2759 डॉलर पर पहुंच गई। इसके साथ ही गोल्ड का मार्केट कैप 18.6 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया जो चीन की पूरी इकॉनमी से भी अधिक है।

# मेहदी-जाकिर के अर्धशतक से बांग्लादेश का संघर्ष जारी

**मीरपुर. एजेंसी**



मेहदी हसन मिराज और जाकिर अली के अर्धशतक से बांग्लादेश की टीम का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला क्रिकेट टेस्ट मैच बचाने का संघर्ष जारी है। बुधवार को मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन बनाकर 81 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। स्टंप्स तक मेहदी हसन मिराज नौ चौकों और एक छक्के के साथ 87 रन जबकि नईम हसन एक चौके के साथ 16 रन बनाकर खेल रहे थे। जाकिर अली ने भी सात चौकों के साथ 58 रन की पारी खेली और करियर का पहला अर्धशतक लगाया। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 112 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद मेहदी और जाकिर ने सातवें विकेट के लिए 138 रन की बेहतरीन साझेदारी निभाई।

### नित्य समेत चार बल्लेबाजों के अर्धशतक से भारत 300 पार

# मैड्रिड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद डोर्टमंड को 5-2 से दी शिकस्त

**मैड्रिड. एजेंसी**




मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड ने यहां खेले गए यूएफा चैंपियंस लीग मुकाबले में जोरदार वापसी करते हुए बोरूसिया डोर्टमंड को 5-2 से करारी शिकस्त दी। हालांकि रियाल मैड्रिड पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ रही थी, लेकिन दूसरे हाफ में टीम ने जबरदस्त पलटवार किया और पांच गोल ठोककर जीत हासिल कर ली। टूर्नामेंट के इतिहास में यह पहली बार है जब रियाल मैड्रिड ने पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद जीत हासिल की है। रियाल मैड्रिड की जीत के हीरो ब्राजील के फुटबॉलर विंसियस जूनियर रहे, जिन्होंने सर्वाधिक तीन गोल दागे। विंसियस जूनियर ने मैच के 62वें, 86वें और 90वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई। यह इस टूर्नामेंट में उनकी पहली हैट्रिक है। 20वां गोल ठोका- विंसियस जूनियर ने इस टूर्नामेंट के इतिहास में अपना कुल 20वां गोल ठोका। इसके अलावा, उन्होंने 15 गोल करने में मदद भी की। रियाल मैड्रिड के लिए एंटोनियो रोर्डिगर (60वें मिनट) और लुकास (83वें मिनट) ने भी एक-एक गोल दागा। डोर्टमंड ने बदला लेने का मौका गंवाया जर्मन क्लब बोरूसिया डोर्टमंड ने रियाल मैड्रिड से पिछले सीजन के फाइनल में मिली हार का बदला लेने का मौका गंवा दिया।

# द रॉब रिपोर्ट: पायरेसी से बड़ा नुकसान, 51 फीसदी देखते हैं पायरेटेड फिल्में, 22,400 करोड़ की चपत

**नई दिल्ली. एजेंसी**

पायरेसी से भारतीय मनोरंजन उद्योग लंबे समय से परेशान है। मनोरंजन उद्योग को वर्ष 2023 में मूल सामग्री की चोरी यानी पायरेसी से 22,400 करोड़ रुपए का भारी-भरकम नुकसान हुआ है। ईवाइ व इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आइएएमएआइ) की ओर से जारी 'द रॉब रिपोर्ट' के मुताबिक, देश में 51 फीसदी मीडिया उपभोक्ता (लोग) मूल सामग्री को अवैध स्रोतों (पायरेटेड) से हासिल करते हैं। इसमें सबसे ज्यादा 63त्न पायरेसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (स्ट्रीमिंग सर्विसेज) के जरिए की जा रही है। भारत में पायरेसी के जरिए जो चपत लगी है, इसमें 13,700 करोड़ की चपत सिनेमाघरों में अवैध तरीके बनाई की गई सामग्री से लगी है। 8,700 करोड़ रुपए का चूना ओटीटी प्लेटफॉर्म की सामग्री अवैध तरीके से हासिल करके लगाया गया है। अनुमान है कि इससे केंद्र सरकार को 4,300 करोड़ तक का संभावित जीएसटी का नुकसान हुआ है। 2026 तक भारत का डिजिटल एंटरटेनमेंट सेक्टर 14,600 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसे पायरेसी से बड़ा खतरा है।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# पैपराजी के साथ असभ्य व्यवहार करने पर बोलीं काजोल, *मेरे भी अच्छे-बुरे दिन होते हैं*

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल हमेशा अपनी बातों और व्यवहार से सबका दिल जीत लेती हैं। हालांकि, पैपराजी के साथ उनके रूड बिहेवियर को लेकर चर्चा होती है। इसको लेकर काजोल ने कहा कि वह हमेशा रूड नहीं होती हैं। काजोल ने कहा कि वह अपने असभ्य व्यवहार के कारण चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने कुछ बातें कही हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन साझा होने वाली इन पोस्ट के लिए लोग कई बार वो नहीं दिखाते जो सच में होता है। इसके लिए कई लोग दिखावा भी करते हैं।



### लोगों के सामने परफेक्शन दिखाना नहीं आता

काजोल ने कहा कि उनका मानना है परफेक्शन ये नहीं दिखाता कि लोग कैसे हैं। रियल लाइफ रील लाइफ से अलग होती है। लोग अपनी तस्वीरों और बोलने के तरीका बहुत ही सावधानी से पैपराजी के सामने रखते हैं। काजोल ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर या लोगों के सामने अपनी किसी एक खास छवि को बनाने की कोशिश करती हैं। मुझे गुस्सा आता है, मेरे भी अच्छे और बुरे दिन होते हैं। मैं ऐसी ही हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं इसे ठीक कर सकती हूं।

### सोशल मीडिया पसंद नहीं

काजोल ने कहा मैं आभारी हूं कि मैंने सोशल मीडिया के बिना पूरी जिंदगी जी है। मैं छह साल पहले ही सोशल मीडिया पर आई हूं। साथ ही, यह असल जीवन नहीं है। आप रेड कार्पेट पर तस्वीर देखेंगे, लेकिन आप यह नहीं देखेंगे कि मैं तैयार होने के लिए सुबह 5 बजे उठी, रात 11.30 बजे थकी वापस आई और अगली सुबह काम पर वापस आ गई।



# लंदन में मरते-मरते बचा जायद का बड़ा बेटा

संजय खान के बेटे और बॉलीवुड अभिनेता जायद खान हाल ही में अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी पर चर्चा करते नजर आए। उन्होंने इस दौरान अपने बड़े बेटे जिदान की सेहत से जुड़ा एक हैरान करने वाला खुलासा किया। अभिनेता जायद खान ने फिल्म मैं हूं ना में लक्ष्मण की भूमिका से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। कुछ फिल्मों में काम करने के बाद एक्टर लाइमलाइट से दूर हो गए। अभिनेता हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी प्रोफेशनल और निजी जिंदगी पर बात करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपने बड़े बेटे जिदान को लेकर एक हैरान करने वाला खुलासा किया। एक्टर ने कहा कि उनके बड़े बेटे को सांस संबंधी समस्या है। उन्होंने एक ऐसा किस्सा भी साझा किया, जब उनके बेटे की जान खतरे में पड़ गई थी। अभिनेता जायद खान ने बताया कि वे अपने पूरे परिवार के साथ लंदन गए थे। उस दौरान वे एक ऐसी घटना से दो-चार हुए कि पूरा परिवार घबरा गया। उनके बेटे की जिंदगी खतरे में पड़ गई थी। एक्टर ने बताया कि बड़े बेटे जिदान की उम्र तब सिर्फ तीन साल की थी और अचानक उसे सांस लेने में तकलीफ हुई।

### 'कमाल और मीना' नाम से बनेगी फिल्म

# कृति सेनन के बाद मीना कुमारी के किरदार में ढलने को तैयार *कियारा*



प्रशंसकों को एक दिलचस्प कहानी देखने को मिलने वाली है क्योंकि निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा अपनी फिल्म 'कमाल और मीना' में फिल्म निर्माता कमाल अमरोही और अभिनेत्री मीना कुमारी की दिलचस्प प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। फिल्म 2026 में रिलीज के लिए निर्धारित है, जबकि कलाकारों का विवरण गुप्त रखा गया है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मीना कुमारी की भूमिका के लिए अभिनेत्री कियारा आडवाणी को चुना गया है। पोस्ट को अभिनेत्री द्वारा लाइक किए जाने के बाद कियारा आडवाणी के मीना कुमारी की भूमिका निभाने की अटकलें तेज हो गईं।

### मनीष बनाएंगे मीना कुमारी की बायोपिक

पोस्ट में लिखा है, कमाल साहब और मीना जी के बीच आदान-प्रदान किए गए 500 से अधिक हस्तलिखित पत्रों के साथ-साथ उनके जीवन का विवरण देने वाली व्यक्तिगत पत्रिकाओं तक पहुंच के साथ, इस कहानी को बताने में हमारे पास जो अंतर्दृष्टि और शोध है वह अमूल्य है। इस अविश्वसनीय सच्ची कहानी को निर्देशित करना एक बड़ा सौभाग्य है, हालांकि जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। दूसरी ओर, फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी मीना कुमारी के जीवन पर केंद्रित एक बायोपिक की घोषणा की है, जिसमें अभिनेत्री कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट ने बताया कि अज्ञात कारणों से फिल्म में देरी हुई थी। फिल्म के 2025 की शुरुआत में फ्लोर पर जाने की संभावना है।

### ट्रेन और रेलवे स्टेशन परिसर में बढ़ रही चोरी की वारदातें

# नर्मदा एक्सप्रेस में यात्री का 60 हजार का मोबाइल चोरी

## टिकट काउंटर से भी मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा एक्सप्रेस में परिवार के साथ सफर कर रहे एक व्यक्ति का 60 हजार रुपए का मोबाइल चोरी हो गया। जीआरपी रानी कमलापति ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी की तलाश कर रही है। इधर, इंटर सिटी एक्सप्रेस में भी अज्ञात चोर ने यात्री की जेब से पर्स चुरा लिया। पर्स में साढे छह हजार रुपए की नगदी थी। एक अन्य वारदात चोर ने भोपाल के नए रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर पर की।




चोर रिजर्वेशन काउंटर से यात्री का मोबाइल चुराकर ले गया। रानी कमलापति जीआरपी ने बताया कि शिव कुमार चौधरी पिता सुखलाल चौधरी ( 25 ) एकता नगर, मनेन्द्रगढ, छत्तीसगढ के रहने वाले हैं। उन्होंने जीआरपी में शिकायत करते हुए बताया कि वे परिवार के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए परिवार के साथ जा रहे थे। उनका और परिवार का नर्मदा एक्सप्रेस में रिजर्वेशन था। उनके कोच में चौदह टिकट थे। वे बर्थ नंबर-10, पर आराम कर रहे थे। उनकी पेंट की दांई तरफ जेब में मोबाइल रखा था। जबलपुर आने के बाद वह सो गए। मंडीदीप स्टेशन आने पर नींद खुली तो उनका मोबाइल नहीं था। कोई अज्ञात चोर उनका मोबाइल चुराकर ले जा चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 60 हजार रुपए है।

### भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी में यात्री का पर्स चोरी

भोपाल जीआरपी के अनुसार रामप्रकाश शर्मा, गुना में रहते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वे भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी से गुना की यात्रा जनरल कोच में कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन भोपाल से ट्रेन चलने लगी। उन्होंने पेंट मे रखा पर्स देखा पर्स चोरी हो चुका था। पर्स मे सा? छह हजार रुपए की नगदी थी। एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड समेत उनका और पत्नी का आधार कार्ड था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर से बदमाश ने मोबाइल चुरा लिया। जीआरपी ने बताया कि मुथु कुमार, सेलम तमिलनाडू में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार को वह भोपाल रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग में बुकिंग काउंटर से भोपाल से सेलम जाने के लिए केरला एक्स का तत्काल का टिकट लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रिजर्वेशन फार्म लिया और अपना मोबाइल जेब से निकालकर काउंटर पर रख दिया। कुछ ही देर बाद मोबाइल पर ध्यान गया तो मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 40 हजार रुपए है।

### गांव परसोरा में हुआ हादसा

# लोडिंग वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव परसोरा में बुधवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ममेरे भाइयों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हुआ था। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी पहुंचा दिया है। पुलिस की पड़ताल में पता चला कि टक्कर लोडिंग वाहन ने मारी है। पुलिस लोडिंग वाहन की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार लक्ष्मण पिता रंगलाल अहिरवार ( 37 ) गांव देवखेड़ी, थाना मलावर, जिला राजगढ़ में रहता था और मजदूरी करता था। बुधवार शाम वह अपने ममेरे भाई कैलाश अहिरवार के साथ बाइक से अपने ससुराल ग्राम गवा चांदबढ़, जिला सीहोर जाने के लिए निकला था। दोनों बाइक से गांव परसोरा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल कैलाश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात कैलाश की मौत हो गई।

### वाहन की टक्कर ने बुर्जुग की मौत

खजूरी सडक थाना क्षेत्र स्थित भैंसाखेड़ी में निजी अस्पताल के पास अज्ञात वाहन ने सडक पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग को गंभीर चोट आई थी। एंबुलेंस की टीम ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान गुरुवार शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद से परिजन केवल एक बार पहुंचे थे। इसके बाद से ही नहीं पहुंचे है।

# तीन मासूम बच्चियों को डायल 100 ने पहुंचाया घर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा इलाके में रहने वाली तीन मासूम बच्चियां घर के पास खेलते समय रास्ता भटकर दूर निकल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 100 ने बच्चियों को अपने संरक्षण में लिया और बाद में उन्हें सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को राज्यस्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि निशातपुरा इलाके में तीन छोटी बच्चियां लावारिस घूमती हुई मिली हैं। सूचना के बाद तत्काल ही निशातपुरा में तैनात एफआरवी को मौके पर रवाना किया गया। डायल 100 पर तैनात हेड कांस्टेबल मुकेश वर्मा आरक्षक गोपाल धाकड़ और पायलेट रिजवान खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने तीनों बच्चियों को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के इलाके में



परिजनों की तलाश शुरू की। कुछ ही देर बाद बच्चियो के परिजन मिल गए, जिसके बाद उन्हें सकुशल सुपुर्द कर दिया। बालिकाओं के सकुशल मिलने पर परिजनों ने डायल-100 सेवा का आभार व्यक्त किया। घरवालों ने बताया कि बच्चियां बाहर खेल रही थी, तभी रास्ता भटक कर दूर निकल गई थी।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित चंदन नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश के घर के सामने से बरामद की गई है। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार उमाशंकर यादव पिता देवी प्रसाद यादव ( 48 ) चंदन नगर, छोला में रहता था और मजदूरी करता था। उसकी पत्नी और बच्चे अलग रहते हैं। पड़ोसियों ने गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना दी थी कि कि उमाशंकर की लाश घर के बाहर पड़ी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस को परिजन ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था।

# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गुनगा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी डेढ़ हजार रुपये की शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में अवैध शराब के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरार्खेड़ा स्थित एक दुकान के पास एक युवक अवैध शराब लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही युवक को हिरासत में लिया।

पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम दशरथ गुर्जर ( 30 ) निवासी ग्राम मोतीपुरा थाना गुनगा बताया। उसके पास मौजूद थैले की तलाशी में डेढ़ हजार रुपये कीमत के 19 क्वाटर देशी शराब रखी मिली, जिसे जब्त कर लिया गया। इधर बैरसिया पुलिस ने शमशाबाद चौराहे के पास तलवार लेकर घूम रहे सौरभ सेन को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

हबीबगंज पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वह स्कूटर पर शराब रखकर ले जाते हुए पकड़ाया। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम श्याम नगर स्थित भू सर्वेक्षण कार्यालय के पास पहुंची। यहां संजय कुम्हरे नामक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी से 5 हजार रुपये की शराब और स्कूटर जब्त की गई है। इसी प्रकार शाहजहांनाबाद पुलिस ने मदर इंडिया कालोनी के पास राधा नामक बुजुर्ग महिला से आठ हजार रुपये कीमत की देशी शराब जब्त की है। महिला एक बोरी में शराब लेकर बेचने के लिए निकली थी, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिए गए हैं।

# बिस्तर पर बेसुध मिले डॉक्टर की अस्पताल में मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पंडित खुशीलाल आयुर्वेदिक अस्पताल में पदस्थ एक डाक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्हें बिस्तर पर बेसुध हालत में मिलने पर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार मूलतः दतिया जिले के रहने वाले सतीश पटवा ( 42 ) खुशीलाल आयुर्वेदिक अस्पताल में डॉक्टर थे। वह परिवार के साथ बंजारी कोलार रोड पर रहते थे. पारिवारिक विवाद के चलते करीब सात महीने से वह ट्यूलिप हाईट्स स्थित फ्लैट में अलग रहने लगे थे। हालांकि वह रोजाना परिवार से मिलने जाया करते थे। परिवार भी फ्लैट पर जाता था। बुधवार को सतीश घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ने कॉल किया, लेकिर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। उसके बाद पत्नी बच्चे को लेकर फ्लैट पर पहुंची तो वह बिस्तर पर लेटे हुए मिले। उनकी हालत गंभीर थी और वह बेसुध हालत में थे। उन्हें तत्काल ही इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।

# मृतक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद इलाके में एक्सीडेंट में हुई एक नाबालिग लड़के की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मृतक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है। हादसा करीब छह महीने पहले हुआ था। पुलिस के मुताबिक निर्मल मोगिया पुत्र विक्रम मोगिया ( 15 ) ग्राम मुगलखेड़ी थाना कुरावर जिला राजगढ़ का रहने वाला था। बीती 9 अप्रैल 2024 को वह एक शादी में शामिल होने के लिए ग्राम कोलारस, तहसील मकसूदनगढ़ जिला गुना जा रहा था। मोटर सायकिल निर्मल मोगिया स्वयं चला रहा था। नजीराबाद स्थित ग्राम आमलिया मेन रोड पुलिया के पास



पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया के नीचे जा गिरी।

इस हादसे में निर्मल को गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए भोपाल स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तेरह अप्रैल को उसकी मौत हो गई थी। निशातपुरा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर केस डायरी नजीराबाद थाने भेजी थी। नजीराबाद पुलिस ने जांच के बाद मृतक बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार अरविंद प्रजापति पिता नर्मदा प्रसाद प्रजापति ( 35 ) मकान नंबर 25-ए, वंश मेडिकल के पास भीम नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार रात उसने परिजन के साथ खाना खाया और सो गया। रात करीब डेढ बजे के



आसपास परिजन की नींद खुली तो उन्होंने अरविंद को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद वह उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अरविंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल को सील कर दिया गया है। परिजन के भी अभी बयान नहीं हो सके हैं। परिजन के बयान होने के बाद आत्महत्या के कारण साफ हो सकेंगे।

## कार यार्ड से डेढ़ लाख की बैट्रियां चोरी

**भोपाल।** 11 मील स्थित एक कार यार्ड की बाउंड्रीवॉल कूदकर भीतर घुसे बदमाश 17 बैटरियां चोरी कर ले गए। चोरी गई बैटरियों की कीमत डेढ लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में कमलेश घोटे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घटना की बीती 18 अक्टूबर की रात की बताई गई है। हबीबगंज थानांतर्गत ई-7 अरेरा कालोनी में रहने वाली गायत्री सेंगर के मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत का खुलासा नहीं हुआ है। इसी प्रकार अवधपुरी स्थित एक सोसायटी आफिस का ताला तोडकर चोर डीवीआर और 25 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।




**मेट्रो एंकर**

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, फुटेज के आधार पर पुलिस कर रही तलाश

# ग्राहक बनकर पहुंची महिला ने ज्वैलरी शॉप से चुराए सोने के दाने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया बस स्टैंड पर ज्वैलरी शॉप में बुधवार दोपहर ग्राहक बनकर पहुंची महिलाओं ने सोने के दाने वाला डिब्बा चुरा लिया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब डिब्बा नहीं मिलने पर ज्वैलर्स ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर अज्ञात महिलाओं पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार दिलीप नामदेव ( 45 ) बाल विहार बैरसिया में रहते हैं। उनकी बस स्टैंड चौराहे पर कैलाश नारायण एंड संस के नाम से ज्वैलरी की दुकान है। बुधवार दोपहर को वह अपने पिता कैलाश नारायण और कर्मचारियों के साथ दुकान पर बैठे हुए थे। दोपहर करीब सा? 12 बजे तीन-चार महिलाएं ग्राहक बनकर उनकी दुकान पर पहुंची और सोने के जेवरात देखे। कुछ



देर बाद सभी महिलाएं बगैर कुछ खरीदे हुए दुकान से चली गई। शाम करीब 5 बजे दिलीप ने काउंटर पर रखा सोने के दाने वाला डिब्बा देखा तो वह नहीं दिखा। उस डिब्बे के अंदर सोने के दाने वाली करीब 20 छोटी डिब्बियां रखी हुई थी। दिलीप ने जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो दोपहर में सामान खरीदने के बहाने आई महिलाए डिब्बा चोरी करते हुए दिखाई दी। उसके बाद उन्होंने बैरसिया थाने जाकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया। चोरी गए सोने का वजन और कीमत का खुलासा नहीं हो सका है।

### छात्रा की कार से बैग चोरी

इसी इलाके में एक मैनिट छात्रा की कार से लैपटाप बैग चोरी चला गया। पुलिस के अनुसार जयति सोनी (21) मूलतः होशंगाबाद की रहने वाली हैं। फिलहाल वह मैनिट से बीटेक फोर्थ इयर की पढ़ाई कर रही हैं और होस्टल में रहती हैं। बुधवार की शाम करीब साढे छह बजे वह अपने पिता के साथ कार से न्यू मार्केट शापिंग करने पहुंची थी। उन्होंने अपनी कार मेन रोड स्थित मूलचंद मेडिकल स्टोर्स के सामने खड़ी की और बाजार चली गई। कुछ समय बाद वापस लौटी तो कार में रखा उनका लैपटाप वाला बैग गायब था। चोरी गए बैग में डेल कंपनी का लैपटाप, मार्कशीट, कालेज का आई कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022